RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-330 | जयपुर, शनिवार, 30 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

### अर्धसैनिक बलों की 670 कंपनियां संभालेंगी अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा-व्यवस्था

**जम्मू।** इस वर्ष अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा के लिए 670 अर्धसैनिक कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है। यह तीर्थयात्रा 3 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त तक चलेगी। इस वर्ष देश भर से बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के द. कश्मीर हिमालय में भगवान शिव के पवित्र हिमशिला के दर्शन करने की उम्मीद है। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ जी गुफा मंदिर सहित यात्रा मार्ग में कुछ ऊंचाइयों व राष्ट्रीय राजमार्गों के कुछ हिस्सों पर सेना भी तैनात रहेगी। सीएपीएफ की 670 कंपनियां जम्मू-कश्मीर के प्रवेश द्वार लखनपुर से लेकर दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित गुफा मंदिर तक तैनात की जाएंगी।

### पुणे में जहरीली शराब पीने से 15 की मौत, 8 लोग हिरासत में

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में जहरीली शराब पीने से पिछले 24 घंटे में 15 लोगों की मौत हो गई है। ये मौतें हडपसर, फुगेवाड़ी, दापोडी और पिंपरी इलाके में हुई हैं। पुलिस और राज्य आबकारी विभाग ने जॉइंट कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें एक अवैध शराब कारोबारी भी शामिल है। जांच में सामने आया है कि शराब में मेथेनॉल हो सकता है। मामला सामने आने के बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस ने जांच के आदेश दे दिए हैं।

### राजग शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक 10 जून को

**नई दिल्ली।** केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 साल पूरे होने पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक 10 जून को आयोजित की है। अशोका होटल में आयोजित होने वाली इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और उनके कार्यकाल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए विशेष प्रस्ताव भी पारित किया जाएगा।

### नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार

## यूपीएससी में कभी पेपर लीक नहीं हुआ एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत

### नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं को झकझोरने वाली, निराश नहीं कर सकते

नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई की। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस मामले पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो।

इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाएं युवाओं को झकझोरने वाली हैं। हम युवाओं को निराश नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ऐसे मामलों में जब तक जवाबदेही तय नहीं की जाएगी, ये घटनाएं रुकेंगी नहीं। UPSC में तो ऐसी समस्या नहीं आई। NTA को उनसे सीखने की जरूरत है।

केस की सुनवाआई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया ब्योरा मांगा है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुरक्षा सुधार किए हैं। देशभर में 3 मई को NEET-UG परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

#### युवाओं को लेकर गंभीर

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं की चिंताओं को लेकर गंभीर हैं। 21 जून को होने वाले NEET-UG री-टेस्ट के लिए कुछ नए तरीके अपनाए गए हैं।

कोर्ट ने 2024 में नीट पेपर लीक के बाद गठित हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि NEET-PG 2025 अपेक्षाकृत सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-नीट परीक्षा से पहले दूर किया जा रहा है।

#### एनटीए में 16 नए वरिष्ठ पद सृजित किए

NTA का SC में हलफनामानेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि नीट यूजी 2026 पेपर लीक विवाद और परीक्षा रद्द किए जाने के बाद उसने परीक्षा प्रणाली में बड़े स्तर पर संरचनात्मक और सुरक्षा सुधार लागू किए हैं।

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट को यह भी जानकारी दी कि हाई-लेवल कमेटी ऑफ एक्सपर्ट्स (HLCE) की कई सिफारिशों को लागू किया जा चुका है, जबकि कुछ पर तेजी से काम चल रहा है। एजेंसी के पुनर्गठन के तहत एनटीए में 16 नए वरिष्ठ पद बनाए गए हैं, जिनमें डायरेक्टर और जॉइंट डायरेक्टर स्तर के पद शामिल हैं।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामे में एनटीए ने कहा कि 17 अप्रैल 2026 को हाई-पावर्ड स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में नीट यूजी 2026 की तैयारियों की समीक्षा की गई और परीक्षा से पहले, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद लागू किए जाने वाले कई सुरक्षा उपायों की सिफारिश की गई।

### सुरक्षित फैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## सभी हाईकोर्ट को तीन महीने में निर्णय सुनाने का निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश- जमानत पर आदेश उसी दिन या अगले दिन दें, अपलोड तुरंत करें

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा।

शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी, न्याय से वंचित करने के समान है। इसलिए सभी हाईकोर्ट को समयबद्ध तरीके से फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।

## एनआईए की 4 राज्यों में छापेमारी

### आतंकी हमले और धमाकों की साजिश में रेड, पाकिस्तानी डॉन का नेटवर्क निशाने पर

जयपुर



राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान सहित 4 राज्यों आज छापेमारी की है। एजेंसी की टीमों ने 12 ठिकानों पर रेड की है। यह कार्रवाई पाकिस्तान के ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी के आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ की जा रही है।

राजस्थान में अजमेर और नीमराना (बहरोड़-कोटपूतली) में एजेंसी ने दबिश दी है। केंद्रीय एजेंसी और स्थानीय पुलिस की मदद से की गई इस कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है। डॉक्यूमेंट्स और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। नीमराना में एक युवक को हिरासत में लिया है। इसे पुलिस थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

#### रिटायर्ड टीचर के घर पहुंची टीम

अजमेर के वरुण सागर रोड स्थित अंबिका विहार कॉलोनी में NIA की टीम सुबह 5 बजे एक रिटायर्ड टीचर के घर पहुंची। दोपहर करीब 2 बजे टीम लौट गई। यहां किराए पर रहने वाले परमेश नाम के युवक को लेकर गई है।

जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान स्थित नेटवर्क ड्रोन के जरिए भारत-पाक सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस भेजने की साजिश में शामिल था।

एजेंसियों को आशंका है कि इन हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल पंजाब, दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में बड़े आतंकी हमलों और धमाकों के लिए किया जाना था।

## राजस्थान-एमपी समेत 12 राज्यों में बारिश-ओलावृष्टि

### बिहार-बंगाल में बिजली गिरने से 15 मौतें

### यूपी में इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बहीं

जयपुर



मॉनसून के करीब आते ही शुक्रवार को कई राज्यों में तापमान 40 डिग्री से नीचे पहुंच गया। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश-आंधी और ओले गिरे।

बिहार में औरंगाबाद, गया, सारण और खगड़िया जिलों में बिजली गिरने से आठ लोगों की जान गई। वहीं पश्चिम बंगाल के छह जिलों में बारिश में घर और बिजली गिरने से जुड़ी घटनाओं में सात लोगों की मौत हो गई।

उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान और तेज बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। शुक्रवार को सहारनपुर में तेज बारिश इनोवा-ट्रैक्टर समेत 10 गाड़ियां बह गईं। बाइक मलबे में दब गई। 2 टूरिस्ट की मौत हो गई।

राजस्थान के जयपुर समेत 6 जिलों में शुक्रवार को तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। दौसा में आंधी में हाईटेंशन लाइन का टावर गिर गया। इस दौरान वहां से गुजर रही स्कॉर्पियो कार तारों में उलझ कर पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार सभी चारों लोग सुरक्षित हैं।

वहीं देहलाल गांव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई। छत्तीसगढ़ का राजनांदगांव देश में सबसे गर्म रहा। यहां पारा 46 डिग्री दर्ज किया गया।

#### मानसून 7 दिनों में केरल पहुंचेगा

इसी बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 7 दिनों में केरल पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है। जून से सितंबर तक देश में औसतन सामान्य से कम बारिश हो सकती है। इस बार मानसून की बारिश लॉन्ग पीरियड एवरेज का करीब 90% रह सकती है। देश में सामान्य मानसूनी बारिश का औसत 87 सेंटीमीटर माना जाता है। मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत में सामान्य बारिश हो सकती है, लेकिन बाकी कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की आशंका है।

## मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला, बेटी की मौत

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले के देवगढ़ थाना क्षेत्र में एक गांव में गुरुवार रात अज्ञात हमलावर ने मां-बेटी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में बेटी की मौत हो गई, जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई।

देवगढ़ थाना अधिकारी नगजी राम ने बताया - बीती रात महिला (40) अपनी बेटी (12) के साथ खाट पर घर के बाहर सो रही थी। इस दौरान अज्ञात हमलावर ने धारदार हथियार से दोनों पर हमला कर दिया। हमले में बेटी की मौत हो गई और मां गंभीर रूप से घायल हो गई।

महिला का पति और बेटा राजसमंद में मजदूरी के लिए गए थे। घर में केवल महिला और उसकी बेटी थी। 15 साल की दूसरी बेटी उस रात पड़ोस में रिश्तेदारों के घर सोई थी। सुबह जब वह घर लौटी तो उसने खाट पर मां और बहन को खून में सना देखा।

दूसरी बेटी की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर सुबह करीब 8 बजे पुलिस मौके पर पहुंची।

## गुजरात तीसरी बार आईपीएल के फाइनल में

### राजस्थान को 7 विकेट से हराया, सूर्यवंशी के 96 रन काम न आए

मुल्लांपुर



गुजरात टाइटंस आईपीसल में तीसरी बार फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने क्वालिफायर-2 में राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हराया। फाइनल में 31 मई को गुजरात का मुकाबला अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा।

शुक्रवार को मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 214 रन बनाए। जवाब में गुजरात ने 18.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। गुजरात का IPL में यह सबसे बड़ा रन चेज है। पिछला सबसे बड़ा सफल रन चेज 204 रनों का था।

गुजरात के जीत के हीरो शुभमन गिल रहे, जिन्होंने 53 गेंदों में 104 रन की कप्तानी पारी खेली। उनकी पारी में 15 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं साई सुदर्शन ने भी 32 गेंदों में 58 रन बनाए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी हुई, जिसने राजस्थान को पूरी तरह बैकफुट पर धकेल दिया।

सुदर्शन लगातार दूसरे मैच में हिट विकेट आउट हुए, जबकि गिल को जोफ्रा आर्चर ने LBW किया। इसके बाद वॉशिंगटन सुंदर ने 16 रन की तेज पारी खेली।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलों का निपटारा कानून के अनुसारः भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने कहा बांग्लादेशी घुसपैठियों के मामलों का निपटारा कानून के अनुसार किया जाएगा। भारत ने बांग्लादेश के अधिकारियों को 2680 व्यक्तियों की नागरिकता सत्यापित करने के लिए भेजे हैं। भारत ने कहा कि ऐसा होने पर इन्हें प्रत्यर्पित करने की कार्यवाही की जाएगी। बहुत से मामले 5 साल से लंबित हैं। अपेक्षा है कि बांग्लादेश इस संबंध में तेज कार्यवाही करे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नागरिकों की अवैध मौजूदगी के बारे में दोनों देशों के बीच व्यवस्था है तथा इन्हें वापस भेजा जा सकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इबोला बीमारी से ग्रसित अफ्रीकी देश युगांडा को औषधियों की खेप भेजी गई है। भारत अफ्रीकी महाद्वीप के देशों को इस स्वास्थ्य इमरजेंसी से निपटने के लिए हर सहायता देने के लिए तत्पर है। एक सवाल पर प्रवक्ता ने कहा पड़ोसी देश म्यांमार के राष्ट्रपति 30 मई से 2 जून तक भारत की यात्रा करेंगे। वह बोधगया व मुंबई भी जाएंगे।

### बीएसएफ के 60वें वर्ष पर गृहमंत्री अमित शाह का विजन, बनेगा 'चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड'

## देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगाः शाह

### बीएसएफ के 60वें वर्ष पर अमित शाह का विजन, बनेगा 'चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड'

भुज



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज में कहा कि केंद्र सरकार सीमा सुरक्षा को अभेद्य बनाने के लिए तेजी से काम कर रही है और अगले दो वर्षों में देश का सीमावर्ती क्षेत्र दुश्मनों की बुरी नजर से हमेशा के लिए सुरक्षित हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक, मजबूत सुरक्षा ढांचे और बीएसएफ जवानों के पराक्रम के बल पर भारत की सीमाओं को और अधिक सशक्त बनाया जा रहा है।

कच्छ के भुज क्षेत्र में आज सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि सरक्रीक और भुज क्षेत्र में बीएसएफ के जवान चट्टान की तरह सीमा की रक्षा कर रहे हैं। उनके साहस, समर्पण और सतर्कता के कारण इस क्षेत्र के लोग सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सरकार ने सीमा सुरक्षा के लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी है। आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे सीमा सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने में सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में वॉच टावरों का निर्माण किया गया है और कई बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) को ग्राउंड लेवल से ऊपर उठाकर अधिक सुरक्षित बनाया गया है। इन प्रयासों से जवानों की कार्यक्षमता बढ़ी है और निगरानी व्यवस्था अधिक प्रभावी हुई है।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ अपनी स्थापना के 60वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। इस अवसर पर सीमा सुरक्षा की अवधारणा को नए सिरे से विकसित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में 'चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड' तैयार किया जाएगा और केवल सीमा सुरक्षा की जगह ÷टेरिटोरियल सिक्योरिटी÷ यानी क्षेत्रीय सुरक्षा का नया मॉडल लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था में बीएसएफ के साथ-साथ स्थानीय नागरिक, सिविल प्रशासन, स्थानीय पुलिस और सेना भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इससे सुरक्षा व्यवस्था अधिक मजबूत और व्यापक बनेगी। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा को जनभागीदारी से जोड़ने का यह प्रयास देश की सुरक्षा को नई दिशा देगा।

स्मार्ट बॉर्डर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट का उल्लेख करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर सीमा सुरक्षा को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बना रही है। ड्रोन, रडार, अत्याधुनिक सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और आधुनिक संचार नेटवर्क के जरिए सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती दी जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन तकनीकों और जवानों की तैनाती से ऐसा मजबूत सुरक्षा ग्रिड तैयार होगा, जिसके बाद कोई भी घुसपैठिया भारतीय सीमा को भेदने की हिम्मत नहीं कर सकेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार कुछ नए क्षेत्रों की सुरक्षा जिम्मेदारी भी बीएसएफ को सौंपने पर विचार कर रही है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में अधूरी सीमा बाड़बंदी को सुरक्षा ग्रिड की एक बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि कई स्थानों पर भूमि उपलब्ध न होने के कारण फेंसिंग का कार्य रुका हुआ था। अब इस दिशा में सकारात्मक प्रगति हुई है और सीमा पर बाड़बंदी का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा।

## भ्रष्टाचार मामले में एक आईएएस सहित 103 अफसर निलंबित, 6 बर्खास्त

जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल ने भ्रष्टाचार व लापरवाही के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए पिछले ढाई वर्षों में एक आईएएस अधिकारी सहित 103 अधिकारियों को निलंबित किया है। वहीं छह अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त किया गया है तथा 11 अधिकारियों की आजीवन पेंशन रोकने की कार्रवाई की गई है।

राज्य सरकार की ओर से जारी जानकारी के अनुसार रिश्वत ट्रैप पद के दुरुपयोग और आय से अधिक संपत्ति से जुड़े 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है। इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17 ए के तहत 37 अन्य मामलों में भी कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और आमजन को पारदर्शी तथा संवेदनशील प्रशासन उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

राज्य सरकार ने बताया कि न्यायालय में दोष सिद्ध होने के बाद पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन विकास अधिकारी भरत प्रकाश मेघवाल कृषि विभाग के तत्कालीन उप निदेशक राजेश कुमार नैनावत वित्त कर विभाग के तत्कालीन सहायक आयुक्त महावीर सिंह आसीवाल तथा चिकित्सा विभाग के डॉ. राम मोहन सिंह चौहान डॉ. मुरलीधर शर्मा और डॉ. मनोहर लाल को सेवा से बर्खास्त किया है।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद- गौ-रक्षा के लिए वोट करे, पशु कहने वाली सरकार हटाएंगे

लखनऊ (एजेंसी)। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने जनता से गाय को पशु कहने वाली सरकारों को हटाकर माता कहने वाली सरकार लाने का आह्वान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौ-रक्षा की बातें सिर्फ मंचों और वक्तव्यों तक सीमित हैं, जबकि धरातल पर गायों की स्थिति दयनीय है। आश्रय स्थलों में गायों की हालत खराब है और गौ-तस्करों पर अंकुश नहीं लग पाया है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने स्पष्ट किया कि उन्हें भाजपा से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन वे गायों के मुद्दे पर सफल नहीं हुए। उन्होंने कहा, हमारा वोट चाहिए, तब गाय को माता कहकर आना पड़ेगा। पहले बांदा में उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को गौ-रक्षा में फेल बताया था। उनका आरोप था कि योगी, बुलडोजर का इस्तेमाल कर शासन कर रहे हैं, जबकि उनसे गौ-रक्षा पर सबसे अधिक उम्मीदें थीं। जनसंख्या वृद्धि पर उन्होंने नेताओं को अक्षम बताकर कहा कि वे काम ढूंढने की बजाय इस भार मान रहे हैं, जबकि पर्याप्त काम होने पर जनसंख्या संपत्ति हो सकती है।

## मधुबनी स्टेशन पर एक्सप्रेस कोच में भीषण आग, कोई हताहत नहीं, जांच के आदेश

मधुबनी (एजेंसी)। बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को जयनगर-उधना एक्सप्रेस के जनरल कोच में भीषण आग लग गई, जिससे वह डिब्बा पूरी तरह जल गया। हालांकि, गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, जिस कोच में आग लगी, वह मरम्मत के काम के लिए प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर खड़ा था। अचानक उसमें से घना काला धुआं और लपटें निकलने लगीं, और आग तेजी से पूरे जनरल डिब्बे में फैल गई। घटना के समय ट्रेन में कोई यात्री सवार नहीं था, क्योंकि यह पिछले दो दिनों से स्टेशन पर मरम्मत के लिए खड़ा था। इस वजह से किसी भी यात्री या रेलवे कर्मचारी को कोई चोट नहीं आई। स्टेशन पर मौजूद लोगों ने आग देखते ही तुरंत स्टेशन मास्टर को सूचित किया। दमकल की गाड़ियां तुरंत मौके पर भेजी गईं, जिन्होंने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया और उसे अन्य कोचों तक फैलने से रोका। इस घटना से स्टेशन परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही, समस्तीपुर रेलवे मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ज्योति प्रकाश मिश्रा विशेष ट्रेन से मधुबनी पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और रेलवे अधिकारियों से आग लगने के कारणों पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी। डीआरएम ने आग लगने के सही कारण की जांच करने और सुरक्षा उपायों में संभावित कमियों का पता लगाने के लिए एक उच्च-स्तरीय जांच समिति गठित करने की घोषणा की है। रेलवे अधिकारियों को शुरुआती तौर पर आग का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है, हालांकि वास्तविक वजह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगी। गौरतलब है कि इससे पहले 18 मई को भी ससाराम-पटना फास्ट पैसेंजर ट्रेन के एक जनरल कोच में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी।

## कनाडा में गुजराती छात्रा की निर्मम हत्या : नायग्रा फॉल्स में 23 वर्षीय विधि मेघा पर चाकू से हमला

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात से उच्च शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के सपने लेकर कनाडा गई एक और भारतीय बेटी की दर्दनाक मौत ने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया है। गुजरात के आनंद जिले के बोरसद की रहने वाली 23 वर्षीय विधि मेघा की कनाडा के नायग्रा फॉल्स इलाके में अज्ञात हमलावरों ने चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद परिवार सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, विधि पिछले चार वर्षों से कनाडा में रहकर पढ़ाई के साथ-साथ नौकरी भी कर रही थी। बताया जा रहा है कि 15 मई को वह अपने निवास स्थान से निकली थी, जिसके बाद रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। बाद में उसकी हत्या की खबर सामने आने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इस हृदयविदारक घटना के बाद कनाडा में रह रहे भारतीय समुदाय में भी आक्रोश और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोगों ने छात्राओं और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। फिलहाल कनाडाई पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है। वहीं, विधि के परिजनों ने भारत सरकार और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि उसकी पार्थिव देह को जल्द से जल्द भारत लाने में सहायता की जाए, ताकि वतन में अंतिम संस्कार किया जा सके। एक होनहार और सपनों से भरी युवा बेटी की असमय मौत से बोरसद में मातम पसरा हुआ है। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे इलाके में गहरा शोक व्याप्त है।

## भड़काऊ टिप्पणी के मामले में अभिषेक बनर्जी के खिलाफ शिकायत

**-गुजरातियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप**

कोलकाता(एजेंसी)। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ कोलकाता के भवानीपुर पुलिस स्टेशन में एक शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुजराती समुदाय को लेकर कथित तौर पर भड़काऊ और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने वाली टिप्पणी की थी। यह शिकायत अर्णब कांति दास नामक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराई गई है, जिसमें कहा गया है कि टीएमसी सांसद का यह बयान देश की राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक है। दरअसल, अभिषेक बनर्जी ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि बांग्ला विरोधी गुजराती गैंग और उनके चमचे मिलकर अगर दस जनम भी ले लें, तब भी उनके डायमंड हार्बर मॉडल का कुछ नहीं बिगाड़ सकते। उन्होंने पूरी भारत सरकार को चुनौती देते हुए कहा था कि अगर हिम्मत है तो फलता से चुनाव लड़कर दिखाओ। इस बयान पर आपत्ति जताते हुए शिकायतकर्ता ने तर्क दिया है कि यदि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजे कुछ और होते और तृणमूल कांग्रेस जीत जाती, तो इस सोशल मीडिया पोस्ट से उग्र होकर पार्टी कार्यकर्ता बंगाल में रह रहे गुजराती समुदाय के खिलाफ भारी हिंसा कर सकते थे। शिकायत में कहा गया है कि गैंग जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर सांसद ने भारत की विविधता को नुकसान पहुंचाया है। शिकायतकर्ता के अनुसार, राजनीतिक मुकाबला सिर्फ राजनीति तक ही सीमित रहना चाहिए, लेकिन एक ऐसी संवैधानिक संस्था को बीच में घसीटना जिसे देश के राष्ट्रपति ने चुना है और विरोधी पार्टी के खिलाफ जहर उगलने के बहाने सीधे देश तथा सरकार को चुनौती दे देना, संविधान के खिलाफ खुले विद्रोह जैसा है।

# कई राज्यों में 100 किमी की रफ्तार से चलेगी आंधी, मूसला धार होगी बारिश

**दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में रौद्र रूप**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के विभिन्न राज्यों में मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक गंभीर चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि अगले 48 घंटों के भीतर देश के कई हिस्सों में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की विनाशकारी रफ्तार से आंधी-तूफान आने की आशंका है। इसके साथ ही कई राज्यों में मूसलाधार बारिश और भारी ओलावृष्टि को लेकर रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मॉनसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और अगले 2-3 दिनों में इसके अरब सागर, लक्षद्वीप और बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों में दस्तक देने के लिए परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल बन चुकी हैं।

मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में 28 मई को लू का हल्का असर रहेगा, लेकिन 29 मई को मौसम रौद्र रूप अख्तियार कर सकता है। दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में 29 और 30 मई को 80 से 100 किमी/घंटे की रफ्तार से विनाशकारी तूफान, भारी बारिश और ओलावृष्टि की प्रबल आशंका है। उत्तर प्रदेश में 28 मई को धूल भरी आंधी और लू चलेगी, जिसके बाद 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 80-100 किमी/घंटे और पूर्वी उत्तर प्रदेश में 60-80 किमी/घंटे की रफ्तार से तूफान आने की चेतावनी दी गई है। इस दौरान यूपी के कई हिस्सों में ओले गिरने और पश्चिमी यूपी में भारी बारिश की आशंका है।

### बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश

बिहार में प्री-मॉनसून गतिविधियां बेहद उग्र हो गई हैं। राज्य में 28 और 29 मई को भारी बारिश के साथ 60 से 80 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट जारी किया गया है, जिससे कच्चे मकानों और पेड़ों को नुकसान पहुंच सकता है। झारखंड में भी 28 मई से 1 जून तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहेगा, जहां 28 से 30 मई के दौरान हवा की रफ्तार 50 से 70 किमी/घंटे रह सकती है। उधर पश्चिम बंगाल में 28 मई को 60 से 80 किमी/घंटे की रफ्तार से भयंकर तूफान और भारी बारिश का अलर्ट है, जबकि सिक्किम और हिमालय से सटे इलाकों में भी अगले दो दिन रुक-रुक कर बारिश होगी।

### पहाड़ी राज्यों और मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ का हाल

मैदानी इलाकों के साथ-साथ पहाड़ों पर भी मौसम तेजी से बदलेगा। जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में 28 और 29 मई को 50-70 किमी/घंटे की रफ्तार से तूफान आ सकता है, जबकि 29 मई को उत्तराखंड में भारी बारिश का विशेष अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश में भी 28 से 30 मई के बीच बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की बात करें तो 28 मई को पूर्वी मध्य प्रदेश में भीषण लू की स्थिति बनी रहेगी। हालांकि, 29 और 30 मई को पूरे मध्य प्रदेश में ओलावृष्टि और 50-70 किमी/घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की संभावना है। छत्तीसगढ़ में भी 28 मई को लू के बाद 29 मई को ओले गिरने और अगले तीन दिनों तक तेज अंधड़ के साथ बारिश होने के आसार हैं।

### तापमान में आएगी भारी गिरावट

इस देशव्यापी आंधी और बारिश के कारण दिल्ली-एनसीआर से लेकर उत्तर प्रदेश तक के लोगों को उमस भरी तपती गर्मी से बड़ी राहत मिलने वाली है। 28 से 30 मई के बीच इन क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में 6 से 8 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट दर्ज की जाएगी। वहीं मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड में भी 2 जून तक तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा। हालांकि, मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 31 मई से तापमान में एक बार फिर 4 से 6 डिग्री की बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## बढ़ती महंगाई पर कुमारी सैलजा का केंद्र सरकार पर तीखा हमला



चंडीगढ़ (एजेंसी)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने देश में लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल पर बढ़ते टैक्स और सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण आम आदमी, विशेषकर मध्यम वर्ग का जीना मुश्किल हुआ है। कांग्रेस नेत्री सैलजा ने कहा कि आज चाय, चीनी, चावल, दाल, कपड़े और चप्पलें तक महंगी हुई हैं। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ी है, जिससे रसोई का बजट बिगड़ गया है। उन्होंने कहा कि जो परिवार पहले 35,000 रुपये में घर चलाता था, अब 40,000 रुपये में भी संघर्ष करना पड़ रहा है। खाद्य तेल, दालें, चायपत्ती और गैस सिलेंडर जैसी आवश्यक वस्तुओं की बेतहाशा कीमतों ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार केवल टैक्स वसूली और बड़े उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने में व्यस्त है, जनता की परेशानियों पर कोई ध्यान नहीं। महंगाई ने न केवल घरेलू बजट बिगाड़ा है, बल्कि शादी-ब्याह जैसे सामाजिक आयोजनों का खर्च भी आम परिवारों की पहुंच से बाहर कर दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से पेट्रोल-डीजल पर अत्यधिक टैक्स में तत्काल कमी करने, जमाखोरी और मुनाफाखोरी पर सख्त नियंत्रण लगाने तथा आम जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की। कांग्रेस पार्टी ने भरोसा दिलाया कि वह हमेशा आम आदमी, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्ग की आवाज उठाती रहेगी और उनके हितों के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## सीएम सम्राट चौधरी का अजीबो-गरीब स्केच वायरल, मजनू भाई की याद दिलाई



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हाल ही में एक बिल्डर द्वारा भेंट किया गया पेंसिल स्केच सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। यह चित्र तब चर्चा का विषय बन गया, जब पटना के बिल्डर संजीव श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री चौधरी से अपनी मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। इन तस्वीरों में से एक में संजीव, जो पल्लव राज कंस्ट्रक्शन के सीएमडी हैं, मुख्यमंत्री को यह चित्र भेंट करते हुए दिखाई दे रहे थे।

जैसे ही तस्वीर सामने आई, सोशल मीडिया यूजर्स ने तुरंत स्केच की तुलना बॉलीवुड फिल्म वेलकम के प्रसिद्ध किरदार मजनू भाई की बनाई गई अजीबो-गरीब पेंटिंग से करनी शुरू कर दी। लोगों ने पाया कि यह चित्र मुख्यमंत्री चौधरी से जरा भी मिलता-जुलता नहीं था, जिसके चलते इसकी कलात्मकता पर सवाल उठने लगे। भारतीय युवा कांग्रेस ने भी इस पर तंज कसते हुए पूछा, अंदाजा लगाओ कौन?

एक यूजर ने लिखा, यह पेंटिंग तब बिल्कुल नहीं कही जा सकती। वहीं, कुछ अन्य यूजर्स ने मुख्यमंत्री चौधरी के सहज स्वभाव की सराहना की कि उन्होंने इस विचित्र कलाकृति को भी इतनी विनम्रता से स्वीकार कर लिया। हालांकि, नकारात्मक प्रतिक्रियाओं का सिलसिला बढ़ने के बाद, बिल्डर संजीव श्रीवास्तव ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से स्केच वाली विशेष तस्वीर हटा दी और कमेंट सेक्शन को भी बंद किया। यह घटना दर्शाती है कि कैसे एक सामान्य सी भेंट भी डिजिटल युग में रातोंरात सुर्खियां बटोर सकती है और व्यापक जनचर्चा का विषय बन सकती है।

# सीएम की कुर्सी पर बैठते ही कावेरी जल से बढ़ी विजय की टेंशन

**-पानी को लेकर तमिलनाडु-कर्नाटक में एक सदी से चल रहा है विवाद**



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित जीत हासिल कर सीएम की कुर्सी पर बैठे सी जोसेफ विजय लगातार चर्चा में हैं। उनके सामने राज्य से जुड़ी तमाम जिम्मेदारियां सिर उठाए खड़ी है। इनमें सबसे अहम है नदी का पानी और उस पर बांध का प्रोजेक्ट है, जो विजय के सब्र की पहली अग्निपरीक्षा ले रहा है। नदी का नाम है कावेरी, जिसमें बहने वाला पानी तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे दो बड़े राज्यों के बीच एक सदी से भी ज्यादा समय से विवाद की वजह बना है।

विजय के सीएम बनने के साथ ही यह मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। कर्नाटक सरकार की तरफ से मेकेदातु बांध बनाने के ऐलान ने नदी के विवाद को फिर से गहरा दिया। कावेरी नदी को दक्षिण भारत की जीवनरेखा माना जाता है। इसके पानी का बंटवारा केवल एक प्रशासनिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच एक संवेदनशील, राजनीतिक और भावनात्मक जंग बन चुका है। यह विवाद हर साल गहराता जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हालिया सालों में यह विवाद की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरा है मेकेदातु बांध प्रोजेक्ट। तमिलनाडु की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल रिव्यू याचिका खारिज हो गई है। विजय पर राजनीतिक दबाव भी बनने लगा है। कावेरी नदी मुख्य रूप से कर्नाटक और तमिलनाडु में बहती है। यह कर्नाटक के कोडागु जिले में वेस्टर्न घाट की ब्रह्मगिरी पहाड़ियों में स्थित तालकावेरी से निकलती है। यह कर्नाटक में इसका ओरिजिन पॉइंट केरल की सीमा के पास है। फिर यह तमिलनाडु के बड़े हिस्से को कवर करते हुए केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी से गुजरते हुए बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इस नदी का करीब 54 फीसदी बेसिन क्षेत्र तमिलनाडु में और करीब 41 फीसदी कर्नाटक में आता है।

इस नदी के पानी को लेकर विवाद की जड़ें आज से एक सदी से भी ज्यादा पुरानी हैं। साल 1892 और 1924 में समझौते हो चुके हैं। ब्रिटिश काल में तत्कालीन मैसूर रियासत और मद्रास प्रेसिडेंसी के बीच पानी के बंटवारे को लेकर दो समझौते हुए थे। तमिलनाडु का तर्क है कि इन समझौतों के तहत पानी पर उसका ऐतिहासिक अधिकार है। वहीं कर्नाटक का रुख अलग है। आजादी के बाद कर्नाटक ने इन समझौतों को पुराना और औपनिवेशिक बताते हुए खारिज कर दिया। कर्नाटक का कहना है कि नदी का उद्गम स्थल उसके यहां है, इसलिए अपनी खेती और आबादी की जरूरतों को पूरा करने का पहला हक उसका है।

सुप्रीम कोर्ट के फॉर्मूले के मुताबिक जब मानसून सामान्य रहता है, तब पानी का संकट नहीं होता, लेकिन समस्या तब खड़ी होती है जब कम बारिश होती है। कर्नाटक के जलाशयों में पानी जब कम होता है तो वह तमिलनाडु को उसके हिस्से का पानी छोड़ने में असमर्थता जताता है। दूसरी ओर तमिलनाडु की 'कुरुवई' और 'थलाडी' यानी धान की फसलें पूरी तरह से कावेरी के पानी पर निर्भर हैं। तमिलनाडु पानी ना मिलने पर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाता है, जिससे दोनों राज्यों में विरोध प्रदर्शन और तनाव की स्थिति पैदा हो जाती है।

मेकेदातु का शाब्दिक अर्थ होता है- बकरी की छलांग। यह कर्नाटक के रामनगर जिले में कनकपुरा के पास एक गहरी खाई जैसा है, जहां कावेरी नदी अर्कावती नदी के साथ मिलती है। कर्नाटक सरकार यहां करीब 9000 करोड़ रुपए की लागत से एक 'संतुलन जलाशय' बनाना चाहती है, जिसकी क्षमता करीब 67 टीएमसी पानी स्टोर करने की होगी। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य बेंगलुरु शहर और उसके आसपास के जिलों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करना है। इसके अलावा यहां से 400 मेगावाट जलविद्युत पैदा करने की भी योजना है।

## ममता की योजना में निकला महाघोटाला, 30 लाख फर्जी मिले लाभार्थी

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार योजना को लेकर एक बहुत बड़े फर्जीवाड़े और वित्तीय अनियमितता का मामला सामने आया है। राज्य सरकार की आंतरिक पड़ताल और समीक्षा के बाद यह बात सामने आई है कि करीब 30 लाख अयोग्य और फर्जी लोग इस योजना के तहत हर महीने मिलने वाले डायरेक्ट कैश बेनिफिट (डीबीटी) का गलत तरीके से फायदा उठा रहे थे। अब तक राज्य की करीब 2.21 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में इस योजना के जरिए सीधे नकद राशि ट्रांसफर की जा रही थी, लेकिन अब इस पूरी सूची को दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी गई है। इस बड़े प्रशासनिक कदम की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने नबन्ना में अन्नपूर्णा योजना के लिए नया आवेदन फॉर्म लॉन्च किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का शुरुआती इरादा लक्ष्मी भंडार योजना के लाभार्थियों की सूची को पूरी तरह सत्यापित करना और फिर महिलाओं को नई अन्नपूर्णा योजना के तहत वित्तीय लाभ देना शुरू करना था। लेकिन इस प्रक्रिया के बीच सरकार को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि लाखों अयोग्य महिलाओं के नाम इस सूची में जुड़े हुए हैं। प्राथमिक जांच के अनुसार, यह आंकड़ा 30 लाख के आसपास हो सकता है, जिसकी पूरी और सटीक तस्वीर लाभार्थियों द्वारा नए फॉर्म भरकर जमा करने के बाद साफ हो जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले राज्य में लाभार्थियों की जमीनी हकीकत जानने के लिए एक डोर-टू-डोर (घर-घर जाकर) सर्वे शुरू किया गया था। इस सर्वे के जो शुरुआती नतीजे सामने आए, वे बेहद चौंकाने वाले थे। जांच में पता चला कि कई ऐसे लोग भी योजना का लाभ उठा रहे थे जो या तो राज्य से बाहर जा चुके हैं, या जिनकी मृत्यु हो चुकी है, या फिर जिनके नाम डुप्लीकेट वोटर के रूप में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हमेशा के लिए हटा दिए गए थे। इसके अलावा, इस सूची में कई ऐसे नाम भी शामिल पाए गए जो अस्तित्व में ही नहीं हैं या जो गैर-भारतीय नागरिक हैं। मुख्यमंत्री ने माना कि यह सब पिछली कमियों और आवेदकों के दस्तावेजों के सही तरीके से सत्यापन (वेरिफिकेशन) न होने के कारण हुआ। इस वित्तीय नुकसान को रोकने और वास्तविक लाभार्थियों को हक दिलाने के लिए अब सरकार ने एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत लाभार्थियों को 12 पन्नों का एक नया फॉर्म ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से भरना होगा। इस फॉर्म में परिवार की पूरी जानकारी, राशन कार्ड, गाड़ी, जमीन, मकान जैसी संपत्तियों का ब्योरा और परिवार में किसी सदस्य के सरकारी नौकरी में होने या न होने की स्पष्ट घोषणा करनी होगी। जो लोग ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर कार्यालय जाने में असमर्थ हैं, उनके लिए प्रशासन अगले एक महीने तक घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने की विशेष सेवा शुरू करेगा। फॉर्म भरने और जमा करने की यह पूरी प्रक्रिया तीन महीने तक चलेगी। सरकार ने यह साफ किया है कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटे हैं, लेकिन उन्होंने ट्रिब्यूनल में अपील की है या सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन किया है, उनका लाभ नहीं रोका जाएगा। साथ ही, जब तक सभी योग्य लाभार्थियों को अन्नपूर्णा योजना में पूरी तरह स्थानांतरित नहीं कर दिया जाता, तब तक लक्ष्मी भंडार योजना सुचारू रूप से चलती रहेगी।

## मुस्लिम समुदाय ने ईद पर गाय को राष्ट्रमाता बनाने की मांग



**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के मौके पर मुस्लिम समुदाय ने आपसी भाईचारे और शांति का संदेश दिया। नमाज अदा करने के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखी, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग प्रमुख रही।

समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मेहरोत्रा ने ईद-उल-अजहा की मुबारकबाद देकर देशवासियों से आपसी एकता को इतना मजबूत करने का आह्वान किया ताकि कोई भी सांप्रदायिक ताकत तोड़ न सके। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए यदि कोई कुर्बानी देनी पड़ी, तब वे उसके लिए तैयार हैं। सपा नेता मेहरोत्रा ने मोदी सरकार से गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की और भाजपा पर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अनर्गल मुद्दे खड़े करने का आरोप लगाया। उन्होंने शंकराचार्य द्वारा घोषित धर्मयुद्ध का समर्थन करने की भी बात कही।

वहीं, सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भी गाय को राष्ट्रीय दर्जा देने की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समुदाय के नेताओं ने पहले ही गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की बात कही है और उन्हें किसी के बयान (अविमुक्तेश्वरानंद) में पड़ने की जरूरत नहीं है। ईदगाह में नमाज के बाद देश में अमन-शांति, भीषण गर्मी से निजात और जनगणना में सक्रिय भागीदारी के लिए भी दुआ मांगी गई। मौलाना खालिद राशिद फिरंगी महली ने बताया कि बड़ी संख्या में मुसलमानों ने अच्छे माहौल में नमाज अदा की। उन्होंने जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मौलाना ने स्पष्ट किया कि कुर्बानी केवल उन्हीं जानवरों की की जाए जिन पर कोई कानूनी बंदिश नहीं है, ताकि त्यौहार सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।

# स्पेस टेक्नोलॉजी में भारत का डंका: अमेरिका-चीन के क्लब में शामिल

**- स्वदेशी हाइड्रोजन बैलून तकनीक से दुनिया में बढ़ा दबदबा**

**- सस्ते इंटरनेट और सटीक आपदा प्रबंधन का नया दौर**

**- 25 किमी ऊंचाई तक पहुंचा 'विस्टा'**

**-लॉन्च हुआ पहला स्वदेशी स्ट्रेटोस्फेरिक प्लेटफॉर्म 'मिशन साना'**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अंतरिक्ष और नियर स्पेस तकनीक के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। निजी अंतरिक्ष कंपनी रेड बैलून एरोस्पेस ने देश का पहला स्वदेशी सुपर-प्रेशर स्ट्रेटोस्फेरिक प्लेटफॉर्म 'मिशन साना' सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इसके साथ ही भारत अमेरिका, फ्रांस, जापान और चीन जैसे चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो गया है, जिनके पास स्वदेशी हाइड्रोजन स्ट्रेटोस्फेरिक बैलून क्षमता मौजूद है। वर्ष 2025 में परिचालन शुरू करने वाली रेड बैलून एरोस्पेस ने महज आठ महीनों में अपनी पहली वाणिज्यिक उड़ान को अंजाम देकर तेजी से विकसित होने वाली वैश्विक परियोजनाओं में जगह बना ली है। कंपनी का 'विस्टा' सुपर-प्रेशर प्लेटफॉर्म विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी स्टेडियम से लॉन्च किया गया, जिसने पृथ्वी से करीब 25 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचकर कई तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए। इस मिशन में सात राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के पेलोड शामिल थे। इनमें जैविक प्रयोग प्रणाली, प्रणोदन तकनीक, ऑनबोर्ड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म, पृथ्वी अवलोकन सेंसर और नेविगेशन सत्यापन प्रणाली जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का परीक्षण किया गया। सभी प्रयोग सफल रहने से अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मानकों के अनुरूप भारत की तकनीकी क्षमता साबित हुई है। 'मिशन साना' दूरसंचार, आपदा प्रबंधन, पृथ्वी अवलोकन और निगरानी के लिए भी बेहद अहम माना जा रहा है। विस्टा प्लेटफॉर्म ऊंचाई पर एक टावर की तरह काम करता है, जिससे उन इलाकों में भी नेटवर्क और निगरानी सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, जहां सामान्य संचार व्यवस्था कमजोर है। कंपनी के सह-संस्थापक और सीईओ सीवीएस किरण ने कहा कि विस्टा उनकी मुख्य प्लेटफॉर्म तकनीक है और आने वाले महीनों में इसकी क्षमताओं का और विस्तार किया जाएगा। वहीं, सीओओ सिरीश पल्लिकोंडा ने बताया कि एक ही मिशन के जरिए कई संगठनों और उद्योगों को सेवाएं देने से लागत कम होगी और नियर स्पेस तक पहुंच आसान बनेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, 20 से 50 किलोमीटर के बीच का समताप मंडल अब तक कम इस्तेमाल किया गया क्षेत्र रहा है। ऐसे



प्लेटफॉर्म उपग्रहों की तुलना में कम लागत में उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग, तेज तैनाती और आपदा प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने में सक्षम हैं।

# तीन दिन से लापता मासूम आरामी का शव खेत पर बने फॉर्मपौंड में तैरता मिला

## हादसा, लापरवाही या फिर कोई गहरी साजिश..? पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा जिले के पंडेर थाना क्षेत्र के टीठोडा माफी गांव में पिछले तीन दिनों से एक ही नाम हर जुबान पर था आरामी, हर गली, हर चौपाल और हर घर की निगाहें उस मासूम बेटी की राह देख रही थीं, जो घर से भैंस और बकरियां चराने निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी।

शुक्रवार सुबह गांव के समीप एक खेत पर बने फार्म पॉन्ड में 14 वर्षीय आरामी धोबी का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई जिस बेटी की सकुशल वापसी के लिए लोग मंदिरों में दुआ कर रहे थे, उसकी मौत की खबर ने पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया आरामी शाहपुरा उपखंड क्षेत्र के बछखेड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश धोबी की पुत्री थी बताया जा रहा है कि वह बचपन से ही अपने ननिहाल में मामा सांवरिया और प्रभुलाल धोबी के पास टीठोडा माफी गांव में रह रही थी आरामी की अचानक हुई मौत से न केवल टीठोडा माफी बल्कि उसके पैतृक गांव बछखेड़ा में भी शोक की लहर दौड़ गई।

### भैंस-बकरियां लौट आईं... लेकिन आरामी नहीं लौटी

जानकारी के अनुसार आरामी तीन दिन पहले बधुवार सुबह रोजाना की तरह घर से भैंस और बकरियां चराने के लिए निकली थी शाम तक पशु तो अपने आप घर लौट आए, लेकिन आरामी वापस घर नहीं पहुंची पहले परिजनों ने अपने स्तर पर आसपास तलाश की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिलने पर चिंता बढ़ गई धीरे-धीरे गांव के लोग भी तलाश में जुट गए रातभर ग्रामीण टॉर्च लेकर खेतों, जंगलों और सुनसान रास्तों पर मासूम को खोजते रहे, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला।

### तीन दिन तक चला सर्च ऑपरेशन, गांव का हर व्यक्ति बना तलाश टीम का हिस्सा



आरामी के लापता होने की सूचना मिलने के बाद पंडेर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पिछले तीन दिनों तक गांव के लोग अलग-अलग टीम बनाकर जंगलों, खेतों, नालों, और आसपास के हर संभावित क्षेत्र में तलाश करते रहे हर गुजरते घंटे के साथ परिजनों की बेचैनी बढ़ती जा रही थी। मां-बाप और मामा परिवार की आंखें हर रास्ते पर टिकी थीं गांव की महिलाएं मंदिरों में दुआ कर रही थीं, जबकि ग्रामीण लगातार तलाश अभियान में जुटे हुए थे। पूरा गांव बस एक उम्मीद लगाए बैठा था कि आरामी किसी तरह सही-सलामत वापस लौट आएगी।

### फार्म पॉन्ड में दिखा शव... और थम गई गांव की सांसें

शुक्रवार को भी पुलिस और ग्रामीण संयुक्त रूप से तलाश अभियान चला रहे थे इसी दौरान गांव के समीप एक खेत पर बने फार्म पॉन्ड में आरामी का शव तैरता दिखाई दिया। ग्रामीण जब पास पहुंचे तो अरामी का यह दृश्य देखते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां जमा हो गए और पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया। जिस बेटी को तीन दिन तक जिंदा ढूंढा जा रहा था, उसकी मौत की खबर ने पूरे गांव को अंदर तक तोड़ दिया।

### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया

हादसा, लापरवाही या फिर कोई रहस्य..? उठ रहे कई सवाल आरामी का शव फार्म पॉन्ड में मिलने के बाद अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं क्या मासूम गलती से पानी में गिर गई...? क्या यह केवल एक हादसा है...? या फिर इसके पीछे कोई और वजह छिपी हुई है...? गांव में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं वहीं पुलिस भी अब मामले के हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है पुलिस घटनास्थल और आसपास के हालात का बारीकी से निरीक्षण कर रही है ताकि मौत के पीछे की असली वजह सामने लाई जा सके

### पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार, अंत तक मौजूद रहा पुलिस जाब्ता

तलाश अभियान के दौरान पंडेर थानाधिकारी कमलेश मीणा, एसआई चेतन प्रकाश, एसआई अर्जुन, हेमसिंह, महिला कॉन्स्टेबल ममता सहित पुलिस जाब्ता मौके पर मौजूद रहा शव मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की इसके बाद आरामी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पंडेर मोर्चरी में रखवाया गया पोस्टमार्टम प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया, जहां गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार तक पुलिस जाब्ता मौके पर मौजूद रहा और पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखी पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और अधिक स्पष्ट हो सकेगी

### दो गांवों में पसरा मातम, हर आंख हुई नम

आरामी की मौत से टीठोडा माफी गांव सहित उसके पैतृक गांव बछखेड़ा में भी गहरा शोक व्याप्त है तीन दिनों तक जिस बेटी की सलामती के लिए लोग मंदिरों में दुआ कर रहे थे, आखिरकार उसकी मौत की खबर ने पूरे माहौल को गम में बदल दिया गांव में हर तरफ सन्नाटा पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है मासूम आरामी की मौत ने दोनों गांवों को गहरे दुख में डुबो दिया है।

# भीलवाड़ा एसपी ऑफिस पहुंची बेबस विधवा, केसीसी लोन दिलाने के नाम पर हड़पी 2 बीघा जमीन, विरोध करने पर खेत में घुसकर पीटा

### 6 जालसाजो के खिलाफ शिकायत

स्मार्ट हलचल




**बेरा।** भीलवाड़ा जिले के रायला थाना क्षेत्र अंतर्गत कांवलिया गांव से धोखाधड़ी और जमीन हड़प का एक बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां कुछ जालसाजों ने एक बेबस विधवा महिला को झासे मैं लेकर उसकी करीब 2 बीघा प्रतीक जमीन की फर्जी रजिस्ट्री अपने नाम करवा ली इतना ही नहीं जब पीड़िता ने अपनी ही जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और हाथ पैर तोड़ने की धमकियां दी रायला थाने में सुनवाई नहीं होने से परेशान होकर पीड़ित महिला ने अपने पुत्र के साथ भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक एसपी के समक्ष पेश होकर न्याय की गुहार लगाई है और 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस अधीक्षक को सोप गई रिपोर्ट के अनुसार कांवलिया निवासी प्राथिया माया बेरवा 59 पत्नी स्वर्गीय कल्लू बेरवा ने बताया कि साल 2013 में उनके पति के देहांत के बाद वह बेहद मुश्किल से अपने परिवार का भरण पोषण कर रही थी इसी बीच मदनी पुत्री की शादी तय होने पर उसे रुपए की सख्त जरूरत पड़ी केसीसी लोन दिलाने का झांसा दिया और कागजी कार्रवाई के बहाने प्रथिया व उसके बेटों को रायला ले गया वहां पहले से मौजूद सांवरमल मेघवंशी दयाराम और रोशन कुमावत ने मिलीभगत कर प्राथिया के सीधेपन का फायदा उठाया आरोपियों ने लोन करने के बहाने कांवलिया स्थित आराजी संख्या 540 रकबा 11 बीघा 16 विश्व जमीन में से दो बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री चुपके से सांवरमल मेघवंशी के नाम करवा दी महिला को बिना कोई प्रतिफल राशि दिए धोखे से जमीन हड़प ली गई जबकि पुशतेनी होने के कारण आज भी उसी जमीन पर पीड़िता का ही कब्जा है मामले में नया मोड़ तब आया जब 27 माई 2026 को पीड़िता अपने खेत की देखरेख करने गई थी वहां आरोपि शंकर लाल खटीक ने पहुंचकर दावा किया कि उसने यह जमीन सांवरमल मेघवंशी से खरीद ली है जब विधवा महिला ने विरोध किया तो शंकरलाल और लकी खटीक ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की हाथ मरोड़ कर नीचे गिरा दिया और जान से मारने की धमकियां दी शोर सुनकर आए रमेश बैरवा व अन्य ग्रामीणों ने बीच बचाव कर महिला की जान बचाई एफआईआर की कॉपी के अनुसार आरोपियों ने उप पंजीकरण कार्यालय रायला के अधिकारियों की कथित मिली भगत से इस फर्जीवाड को अंजाम दिया है रायला थाने में कोई कार्रवाई नही होने पर अब एसपी महोदय से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कूटनीति दस्तावेज बरामद करने और सख्त कानूनी कदम उठाने की मांग की गई है ।

# पाकिस्तान लिंक जांच में एनआईए का बड़ा एक्शन, दो संदिग्ध हिरासत में

स्मार्ट हलचल



**अजमेर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नीमराना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। यह कार्रवाई पाकिस्तान से संचालित कथित आतंकी एवं आपराधिक नेटवर्क से जुड़े मामले में की गई है। एनआईए की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए।

जानकारी के अनुसार एनआईए ने शुक्रवार सुबह नीमराना क्षेत्र के माधवसिंहपुरा गांव निवासी नंदकिशोर सैन को हिरासत में लिया। इसके बाद उसे नीमराना थाने लाया गया, जहां एजेंसी के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी पाकिस्तान से संचालित ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े आतंकी मॉड्यूल की जांच के तहत देश के विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में नीमराना में भी यह कार्रवाई की गई।

सूत्रों के अनुसार नंदकिशोर सैन केशवाना स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत है और पहले भी उसका नाम तब चर्चा में आया था, जब इसी साल 3 फरवरी को उसके बेटे शुभम सैन को कथित पाकिस्तान लिंक मामले में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। शुभम पिछले करीब चार महीने से जेल में बंद है और मामले की जांच अभी भी जारी है। नंदकिशोर की पत्नी रामपति ने बताया कि परिवार पिछले लगभग एक महीने से उत्तरप्रदेश के सरोसा गांव में रह रहा था। नंदकिशोर एक दिन पहले ही नीमराना लौटे थे। शुक्रवार सुबह अचानक एनआईए और स्थानीय पुलिस के करीब 10 से 15 जवान उनके घर पहुंचे। टीम ने घर की तलाशी ली और कई दस्तावेजों व अन्य सामान की जांच की। परिजनों का कहना है कि तलाशी के दौरान कुछ सामान भी जब्त किया गया है।

ग्रामीणों के अनुसार कार्रवाई सुबह शुरू हुई, जिसके चलते पूरे गांव में चर्चा का माहौल बन गया। सुरक्षा एजेंसियों की मौजूदगी के कारण क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। हालांकि अधिकारियों ने किसी को भी कार्रवाई के संबंध में अधिक जानकारी नहीं दी। परिजनों का कहना है कि तलाशी के बाद एनआईए टीम नंदकिशोर को अपने साथ ले गई और तब से उससे लगातार पूछताछ की जा रही है। फिलहाल एजेंसी की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच एजेंसियां पाकिस्तान लिंक और उससे जुड़े संभावित संपर्कों की विभिन्न पहलुओं से पड़ताल कर रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक एनआईए की यह कार्रवाई एक व्यापक जांच अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत संदिग्ध नेटवर्क, वित्तीय लेनदेन, संपर्क सूत्रों और अन्य गतिविधियों की जांच की जा रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एजेंसी फिलहाल कोई विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं कर रही है। वहीं स्थानीय पुलिस भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### अजमेर से भी संदिग्ध हिरासत में

इधर अजमेर के अंबिका नगर में किराए के मकान में रह रहे भीलवाड़ा निवासी परमेश मीणा को भी एनआईए ने हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में उसके कथित तौर पर पाकिस्तान आधारित गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका जताई गई है। जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी ऑनलाइन गेमिंग में सक्रिय था और आशंका है कि इसी माध्यम से उससे संपर्क स्थापित किया गया। एनआईए अब उसके डिजिटल उपकरणों, ऑनलाइन गतिविधियों और संपर्कों की गहन जांच कर रही है, जबकि किरायेदारी से जुड़े पुलिस सत्यापन की भी पड़ताल की जा रही है।

# अभा गुर्जर महासभा तहसील अध्यक्ष बने सूरजमल

### सूरजमल गुर्जर बने गुर्जर महासभा के तहसील अध्यक्ष

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा (राजस्थान इकाई



द्वारा श्यामगढ़ गोविंदपुरा निवासी सूरजमल गुर्जर को भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी में मांडलगढ़ तहसील अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। यह (भीलवाड़ा इकाई) नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है। अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक पुरुषोतम पाटील, राष्ट्रीय महामंत्री बच्चूसिंह बैंसला, राष्ट्रीय महामंत्री उदयलाल, भडाणा, जिलाध्यक्ष राधेश्याम भडाणा ने प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई की अनुशंसा पर श्यामगढ़ सरपंच प्रतिनिधि सूरजमल गुर्जर को उनके समाज हित मे किए कार्यो को देखते हुए तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया।

# 45 तोला सोना सहित लाखों के जेवरात और नकदी लेकर भागे चोर

### तलवार ओर सरिए से लैस चोर दिखे सीसीटीवी फुटैज में, पीछे के रास्ते से घर में घुसे

स्मार्ट हलचल



**आसींद/बदनोर।** ब्यावर जिले के बदनोर थाना क्षेत्र के भोजपुरा गांव में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार देर रात अज्ञात चोर घर के पिछवाड़े से जाली तोड़कर मकान में घुसे और अलमारी का ताला तोड़कर करीब 45 तोला सोना, 2 किलो चांदी के आभूषण और 60 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए हे। इस वारदात के बाद पूरे गांव में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पीड़ित प्रभुलाल मेवाड़ा ने बदनोर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह उठने पर चोरी की घटना का पता चला। सूचना मिलते ही पुलिस उप अधीक्षक जय सिंह मसूदा और थाना प्रभारी शंभू दयाल पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।मामले की गंभीरता को देखते हुए अजमेर और ब्यावर से फॉरेंसिक एवं एमओबी टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दिया है और संदिग्धों की तलाश भी जारी है। जानकारी के अनुसार पीड़ित के पुत्र सुनील और राकेश मेवाड़ा चेन्नई में व्यवसाय करते हैं, जबकि प्रभुलाल अपने परिवार के साथ गांव भोजपुर में रहते रहते हैं।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम का गठन किया है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा किया है। पुलिस ने ष्ट्ष्ट'ड्ड फुटेज में आधा दर्जन चोरों को वारदात से पहले घूमते हुए देखा है। वही चोर फुटेज में लकड़ी तलवार और सरिया लेकर घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस के पास लगे अहम सुराग के जरिए जल्द ही पुलिस चोरों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

# खुली जेल में सजा काट रहा बंदी फरार

**चित्तौड़गढ़।** जिला जेल के खुला बंदी शिविर में हत्या के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहा एक बंदी फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली में जेल प्रहरी वेदराम चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ललित उर्फ लालशंकर उर्फ लाला पुत्र मोता मीणा निवासी नठारा बलात फला ऐडा खाबड़ा सराड़ा जिला उदयपुर हत्या के मामले में 18 दिसम्बर 2019 से आजीवन कारावास की सजा काट रहा था, जिसे बाद में खुली जेल में रखा जा रहा था। आज सुबह बंदियों की गिनती करने पर एक बंदी कम मिला, जिसकी पहचान ललित उर्फ लालशंकर के रुप में हुई। इस सूचना पर कोतवाली पुलिस ने बंदी के विरुद्ध फरार होने का प्रकरण दर्ज किया है।

### वस्त्रनगरी में श्रमिकों का फूटा आक्रोश

# सिल्वर फैब मालिक का पुतला दहन, बकाया भुगतान की उठी मांग




स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** वस्त्रनगरी भीलवाड़ा में रीको चर्तुथ फेज स्थित सिल्वर फैब प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ श्रमिकों का आक्रोश शुक्रवार को खुलकर सामने आया। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) के बैनर तले बड़ी संख्या में मजदूरों ने मुखर्जी पार्क से विशाल रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया तथा फैक्ट्री मालिक संपत चौरड़िया का पुतला दहन कर विरोध जताया। सीटू के प्रदेश सचिव ओमप्रकाश देवानीने बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन ने बिना किसी युक्तियुक्त कारण के श्रमिकों को सेवा से पृथक कर दिया है। इसके अलावा, मजदूरों के ओवरटाइम, ग्रेच्युटी, बोनस और पीएल (अर्जित अवकाश) जैसी न्यायसंगत राशि का भुगतान भी दबाकर रखा गया है। पीड़ित श्रमिकों ने इस संबंध में पहले उप श्रम आयुक्त से शिकायत की थी, लेकिन वहां कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर आज मजबूरन उन्हें सडक़ पर उतरना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान टेक्सटाइल यूनियन के अध्यक्ष सोनू शर्मा, उपाध्यक्ष सद्दाम, करण सिंह, गणेश गहलोत, मोतीलाल और पीड़ित श्रमिक देवराज सिंह, देवीलाल, सत्येंद्र, लादी देवी व जोहराबानू सहित सैकड़ों मजदूरों ने मालिक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि सिल्वर फैब के मालिक से श्रमिकों के समस्त बकाए का तुरंत भुगतान करवाया जाए। साथ ही, टेक्सटाइल क्षेत्र की अन्य मिलों में भी श्रमिकों से कराए जा रहे जबरन और बिना भुगतान वाले ओवरटाइम पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स अकाउंट ब्लॉक मामले में भेजा नोटिस

### अभिजीत दिपके की याचिका पर सुनवाई, हाईकोर्ट ने फिलहाल अकाउंट बहाल करने से किया इनकार

स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर चर्चित व्यंग्यात्मक मंच 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट को ब्लॉक किए जाने के मामले में केंद्र सरकार और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी किया है। यह याचिका ष्ट्ठ्क्क के संस्थापक अभिजीत दिपके द्वारा दायर की गई थी, जिसमें अकाउंट ब्लॉक किए जाने के आदेश को चुनौती दी गई है।

जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए फिलहाल अकाउंट को दोबारा चालू करने का अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि मामले के व्यापक प्रभाव और दूरगामी परिणामों को देखते हुए केंद्र सरकार का पक्ष सुने बिना कोई आदेश पारित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने केंद्र सरकार को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है तथा अगली सुनवाई 6 जुलाई 2026 को निर्धारित की गई है।

### रिव्यू कमेटी करेगी ब्लॉकिंग आदेश की समीक्षा

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सूचना प्रौद्योगिकी नियमों के तहत गठित रिव्यू कमेटी को भी मामले की समीक्षा करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि नियम 14 के तहत रिव्यू कमेटी प्रत्येक दो माह में बैठक कर ब्लॉकिंग आदेशों की समीक्षा कर सकती है और यदि आवश्यक समझे तो अनब्लॉकिंग की सिफारिश भी कर सकती है। कोर्ट ने अभिजीत दिपके को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रिव्यू कमेटी के समक्ष अपनी बात रखने की अनुमति भी दी है।

### दिपके बोले- यह राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य

याचिकाकर्ता अभिजीत दिपके की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता




अखिल सिब्बल ने अदालत में कहा कि 'कॉकरोच जनता पार्टी' मूल रूप से राजनीतिक और सामाजिक व्यंग्य (सटायर) पर आधारित एक डिजिटल मंच है। यदि किसी विशेष पोस्ट पर आपत्ति है तो केवल उस पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है, लेकिन पूरे अकाउंट को ब्लॉक करना उचित नहीं है। उन्होंने अदालत से अकाउंट बहाल करने की मांग की।

### कोर्ट ने कहा- ब्लॉकिंग आदेश की वजह अभी स्पष्ट नहीं

दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि फिलहाल केवल नोटिस जारी किया जा सकता है क्योंकि ब्लॉकिंग आदेश की पूरी जानकारी अभी रिकॉर्ड पर उपलब्ध नहीं है। अदालत ने कहा कि न तो याचिकाकर्ता ने ब्लॉकिंग आदेश देखा है और न ही फिलहाल वह दस्तावेज अदालत के समक्ष रखा गया है। ऐसे में विस्तृत सुनवाई के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

### केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया

याचिका में उस सरकारी आदेश को चुनौती दी गई है जिसके तहत राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी कारणों का हवाला देते हुए ष्ट्ठ्क्क के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट के आधार पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69 के तहत एक्स को अकाउंट ब्लॉक करने का निर्देश दिया था।

### सोशल मीडिया पर तेजी से बढ़ी लोकप्रियता

'कॉकरोच जनता पार्टी' की शुरुआत अभिजीत दिपके ने मई 2026 में एक व्यंग्यात्मक सोशल मीडिया अभियान के रूप में की थी। यह मंच युवाओं से जुड़े मुद्दों, बेरोजगारी, परीक्षा पेपर लीक और राजनीतिक व्यवस्था पर कटाक्ष करने वाले कंटेंट के कारण तेजी से वायरल हुआ। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2.2 करोड़ से अधिक फॉलोअर्स हो चुके हैं, जो कई प्रमुख राजनीतिक दलों के सोशल मीडिया फॉलोअर्स से भी अधिक बताए जा रहे हैं।

### अकाउंट ब्लॉक होने के बाद बनाया नया हैंडल

रिपोर्ट्स के अनुसार 21 मई को CJP का मूल एक्स अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिया गया था। इसके बाद संगठन ने नया हैंडल बनाते हुए 'Cockroach Is Back' नाम से अपनी गतिविधियां जारी रखीं। इस नए अकाउंट के बायो में 'Cockroaches DonÓt Die' यानी 'कॉकरोच मरते नहीं' लिखा गया था।

# गुंदली हादसे के बाद भी नहीं चेता विभाग... खामोर में ट्रांसफार्मर के नजदीक फैल रहा करंट, खराब अर्थिंग के कारण कम वोल्टेज से 50 से 60 घर बेहाल

## ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, ट्रांसफार्मर के नीचे दौड़ते करंट से दहशत, ग्रामीणों का प्रदर्शन, अधिकारियों पर अनदेखी के आरोप

स्मार्ट हलचल | शाहपुरा



बागौर क्षेत्र के गुंदली गांव में हाल ही में करंट फैलने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद भी विद्युत विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।एक ओर विभाग सुरक्षा और मेंटेनेंस के बड़े दावे करता है,वहीं दूसरी ओर खामोर गांव में लंबे समय से जर्जर अर्थिंग व्यवस्था,लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर के नीचे करंट आने जैसी समस्याओं से ग्रामीण भय और परेशानी के बीच जीवन गुजारने को मजबूर हैं।शिकायतों और पूर्व में हुए हादसे के बाद भी हालात नहीं बदलने से शुक्रवार सुबह ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग ट्रांसफार्मर स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन कर विभागीय कार्यप्रणाली के खिलाफ नाराजगी जताई।ग्रामीणों का आरोप है कि ट्रांसफार्मर के नीचे लगा अर्थिंग प्वाइंट लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा है तथा उसकी नियमित देखरेख नहीं होने से पूरे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। लोगों का कहना है कि अर्थिंग पर्याप्त गहराई में नहीं होने और समय पर मरम्मत नहीं किए जाने से करीब 50 से 60 घर लगातार लो वोल्टेज की समस्या झेल रहे हैं।

**भीषण गर्मी में कुलर पंखे तक नहीं चलते हैं..पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलते**

ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के इस दौर में पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिलने से हालात और खराब हो गए हैं। कई घरों में पंखे, कूलर और पानी की मोटरें तक सही तरीके से नहीं चल पा रही हैं। दिनभर गर्मी से लोग परेशान रहते हैं, वहीं पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय सबसे अधिक परेशानी होती है,जब लो वोल्टेज के कारण घरेलू उपकरण लगभग बंद जैसे हालात में पहुंच जाते हैं।

**अर्थिंग प्वाइंट को चालू रखने के लिए ग्रामीण डलवा रहे हैं पानी के टैंकर..**

स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की अर्थिंग व्यवस्था को किसी तरह चालू बनाए रखने के लिए आए दिन अर्थिंग प्वाइंट पर पानी के टैंकर डलवाने पड़ रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति विभागीय मेंटेनेंस व्यवस्था की वास्तविकता उजागर करती है। इसके बावजूद सप्लाई व्यवस्था में कोई स्थायी सुधार नहीं हो पा रहा..जिससे ग्रामीण परेशान है।विभागीय अधिकारियों को फोन करते हैं तो आश्वाशन देते हैं लेकिन 2 माह से ग्रामीणों को समाधान नहीं मिला,असुविधा झेल रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि प्रति माह विद्युत खर्च का बिल दे देते हैं लेकिन विद्युत पॉवर सप्लाई प्रोपर नहीं आती है विभाग की कार्यशैली से आमजन बेहाल है।

**ट्रांसफार्मर के नीचे दौड़ता करंट बना ग्रामीणों की दहशत का कारण..**

ग्रामीणों के अनुसार ट्रांसफार्मर के नीचे एवं आसपास करंट प्रवाहित होने जैसी स्थिति बनी रहती है। लोगों का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बच्चे और राहगीर भी ट्रांसफार्मर के पास जाने से डरने लगे हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर के नजदीक विद्यालय परिसर है खेल खेल में बच्चे उस तरफ चले गए तो हादसा होने की संभावना है।

**करीब एक माह पूर्व हुई थी बकरी की मौत, ग्रामीणों ने कराया था अवगत, फिर भी नहीं चेता विभाग...**

ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक माह पूर्व किसान भेरू भील की बकरी ट्रांसफार्मर के पास करंट की चपेट में आ गई थी, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी।जिससे आज तक कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिला।ओर ना मौके पर कोई विभागीय कर्मचारी वहां हादसे के दिन पहुंचा।लोगों का कहना है कि गनीमत रही कि उस हादसे के दौरान बकरी की जगह कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों का आरोप है कि इस घटना के बाद भी विभाग ने समस्या के समाधान को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई और हालात अब भी जस के तस बने हुए हैं।

**दो से तीन महीने से शिकायतें, फिर भी समाधान नहीं...**

समाजसेवी बलवंत सिंह राठौड़ ने बताया कि पिछले दो से तीन महीनों से ग्रामीण लगातार समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई बार लाइनमैन, जेईएन एवं एईएन को ट्रांसफार्मर की खराब अर्थिंग व्यवस्था और लो वोल्टेज की समस्या की जानकारी दी गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया।ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या की जानकारी लाइनमैन को देने पर वे जेईएन से बात करने की बात कहकर जिम्मेदारी आगे बढ़ा देते हैं। वहीं स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारी गांव में आने पर कुछ प्रभावशाली लोगों के कार्य कर लौट जाते हैं, जबकि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जाता।

**गुंदली हादसे के बाद भी नहीं जागा सिस्टम...**

हाल ही में जिले के गुंदली गांव में करंट फैलने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद उम्मीद थी कि विभाग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर होगा,लेकिन खामोर में अब भी हालात नहीं बदले हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग मानो किसी बड़े हादसे के बाद ही चेतने की प्रतीक्षा कर रहा है।

**ग्रामीणों ने दी आंदोलन तेज करने की चेतावनी..**

शुक्रवार सुबह ग्रामीण बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ट्रांसफार्मर स्थल पर पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ट्रांसफार्मर की अर्थिंग व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई और लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा गांव की विद्युत व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

# शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में नौतपा के दौरान भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते शहर की सड़कें मानो आग उगल रही हैं। दोपहर के समय हालात ऐसे बन रहे हैं कि लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गर्मी और लू के कारण आमजन खासे परेशान नजर आ रहे हैं। लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा लोगों को राहत पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के तहत नगर निगम की ओर से फायर ब्रिगेड के माध्यम से शहर की प्रमुख सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया गया। नगर निगम के निर्देश पर फायर ब्रिगेड की 10 हजार लीटर क्षमता वाली गाड़ी द्वारा सिटी कंट्रोल रूम-रेलवे स्टेशन चौराहे से सूचना केंद्र चौराहे तक सड़क पर पानी डाला गया। सड़क पर पानी के छिड़काव से गर्म सड़कें कुछ हद तक ठंडी हुईं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को राहत महसूस हुई।

# भीलवाड़ा में 31 मई को जिला स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में 43वीं जिला स्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई 2026 को जय सियाराम हैंडबॉल अकादमी, मोदी ग्राउंड पर किया जाएगा।

संघ सचिव तेजप्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 1 जनवरी 2007 या इसके बाद जन्मे बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। इस प्रतियोगिता से चयनित बालक-बालिका टीम 6 से 9 जून तक श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली 43वीं राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी।

संघ अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों का राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट पर पंजीकरण अनिवार्य है। केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही जिला व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों के पास आरएसएचए पिन नंबर होना आवश्यक है। जिन खिलाड़ियों ने अब तक पंजीकरण नहीं कराया है, वे राज्य संघ की वेबसाइट https://rajasthan-handball.com पर लॉगिन कर पंजीकरण कर सकते हैं। टीमों का पंजीकरण 30 मई 2026 को सायं 6 बजे तक गोविन्द धोबी, मो. 9950132512 पर करवाना होगा। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव जय सियाराम हैंडबॉल अकादमी के अर्जुन सिंह होंगे।

# घायल मजदूर के भाई ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

संजय कॉलोनी निवासी गोपाल बावरी ने अपने भाई के साथ हुए हादसे को लेकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

गोपाल बावरी का भाई एक निर्माणाधीन बिल्डिंग में मजदूरी करता था। काम के दौरान हुए हादसे में उसके हाथ और पैर बुरी तरह टूट गए। अब उसकी चलने की स्थिति भी खत्म हो चुकी है। वहीं डॉक्टरों ने भी हाथ खड़े कर दिये डॉक्टरों ने कहा हे कि अब पैर काटना पड़ेगा

परेशान गोपाल बावरी का कहना है कि उसने अपने भाई के इलाज के लिए ठेकेदार और मकान मालिक को कई बार अवगत करवाया, लेकिन उन्होंने किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया।

इस मामले को लेकर सुभाष नगर थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई, मगर वहां भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इससे पूरा परिवार आहत है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक के सामने गुहार लगाई है। घायल भाई का उचित इलाज करवाया जाए। ठेकेदार और निर्माणाधीन बिल्डिंग के मालिक के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो ताकि पीड़ित को उसका हक मिल सके।

गोपाल बावरी ने बताया कि परिवार में कमाने वाला केवल उसका भाई ही था। हादसे के बाद से पूरे परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

# पीड़ित मानवता के प्रहरियो नर्सिंग कर्मचारियों को पद बचाने के लिए लगानी पड़ रही है दौड़, जिला कलेक्टरी में रो पड़ी कई नर्सिंग महिला कर्मचारी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



राजस्थान नर्सेज़ यूनियन जिला अध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में 83 नर्सेज ने अपने विलोपित पदों से त्रस्त होक जिला कलेक्टर जसमीत संधू से मिलकर ज्ञापन दिया ज्ञापन में मांग की गई की कोरोना काल के समय में मिले सम्मान के पत्र अब आंसुओ की भेंट चढ़ने को है जिन्हे बचा लीजिये. नर्सिंग कर्मचारियों फूट फुट कर रो पड़े की 9 साल पहले घर और घर के पास की सीएचसी, पीएचसी से हमें भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के लिए यहाँ लगाया गया और अब उसमे आवशयकता होने स्टाफ की कमी होने के बाद भी पद विलोपित होने की वजह से बाहर जाना पड़ेगा जो बिलकुल न्यायोचित नहीं है जिस पर सहानुभूति दिखाते हुवे जिला कलेक्टर महोदय ने राज्य सरकार को प्रस्ताव बनाकर भेजनें का आश्वासन दिया।

महात्मा गाँधी के नर्सेज ने सांसद जन सुनवाई में उपस्थित होकर अपनी पीड़ा को रखा ज्ञापन के रूप में जहाँ सांसद दामोदर अग्रवाल ने पूर्ण रूप से आश्वास्त किया की मै आपके पक्ष में हु और पुरे प्रयास करूँगा की आप सब यहाँ द्वद्द्ध में ही कार्यरत रहेद्य उन्होंने मोके पर ही प्रिंसिपल डॉक्टर वर्षा अशोक सिंह राठौड़ को फ़ोन कर उचित मार्गदशन दिएद्य. उसके बाद समस्त नर्सेज मण्डलगढ़ के विधायक गोपाललाल खंडेलवाल से मिले और उन्हें भी अपने पक्ष में चिकित्सा मंत्री और डायरक्टर चिकित्सा से वार्ता कर नर्सेज को द्वद्द्ध रखने की मांग की जहाँ खंडेलवाल ने नर्सेज की सेवा को प्रणाम करते हुवे तुरंत उच्च अधिकारियो से वार्ता करने के साथ ही तीन माह से बाकि नर्सेज के वेतन के लिए अधिकारियो को पाबंद किया की तीन दिवस के भीतर इन नर्सेज को वेतन दे दिया जाना चाइये द्य. उधर नर्सेज का एक प्रतिनिधि मण्डल पूर्व विधायक विठलशंकर अवस्थी के घर पहुंचे और उनसे भी मांग रखी जिस पर अवस्थी ने वित्त विभाग के उचधिकारियो से वार्ता कर अधीक्षक डॉक्टर अरुण गोड़ को नर्सेज को यही रखने की मांग को लेकर एक प्रस्ताव बनाने के लिए कहा द्य वाहाँ से समस्त नर्सेज ने भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी से मिलकर पहले उनका आभार जताया की आपने हर कदम नर्सेज को पहले भी साथ दिया है और अब इस बड़ी विपदा में भी आप साथ देवे तो विधायक कोठारी ने त्वरित ही जयपुर बैठे राजमेश के और चिकित्सा के अधिकारियो से वार्ता कर आस्वाशन दिया की आपको यहाँ से अन्यत्र कही नहीं लगाया जायेगा आप निश्चिंत रहे । यूनियन के जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया की राजमेस ने 7 मेडिकल कॉलेज में 1267 पदों को विलोपित कर दिया है जिसमें भीलवाड़ा में 83 नर्सिंग ऑफिसर के पद समाप्त कर दिए गए हैं जो की पिछले 9 वर्षो से लगातार महात्मा गांधी चिकित्सालय में पूर्ण दक्षता से गंभीर मरीजों की सेवा कर रहे है उन पर अब संकट के बादल मंडरा रहे हैं अतः के अनुभव को देखते हुए जल्दी से जल्द इन पदों का जिले मै ही समायोजित करते हुए या पुनर्सेर्जित करते हुए हमें राहत प्रदान करना जिले के समस्त नेता एवं अधिकारियो का मौलिक दायित्व है उन्होंने धन्यवाद जताया सभी भीलवाड़ा के गणमान्य नेताओं और जिले के अधिकारियो का जिन्होंने नर्सेज के पक्ष में साथ दिया द्य ज्ञापन देने वालो में अमित व्यास,. गिरिराज लढा, ललित जीनगर, करण सिंह सिसोदिया,दिनेश खटीक ,अनीता चौधरी, विमला व्यास. सुनील व्यास, विनोद सोनी, मनोज धाकड़, लाड कंवर, ,पिंकी खटीक, अनीता खोईवाल, जगदीश, गोविन्द सिखवाल,मोहम्मद इमरान, इक़बाल, सत्यनारायण, अशोक, प्रमोद भड़गा, अन्नू खटीक, अंतिम बाला. नवनीत त्रिपाठी, ममता बडेला,लीला माली, नीलिमा गोस्वामी, नीलिमा सिखवाल, विनोद वर्मा, आसिफ मोहम्मद,मेना धाकड़, अन्नू खटीक, कमला पहाड़िया, मुरली जीनगर, हँसा सेन, प्रेम रेगर, अन्नू कवर राठौर,सहित कई नर्सेज उपस्थित थे।

# सर्प शिक्षा अभियान के तहत आठ सांपों व एक मॉनिटर लिज़ार्ड का रेस्क्यू

स्मार्ट हलचल



**बिजयनगर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही रिहायशी क्षेत्रों में सांपों की आवाजाही तेज हो गई है। इसी क्रम में पुलिस मित्र, सर्प शिक्षक एवं वन मित्र सुरेंद्र सिंह भाटी द्वारा विभिन्न स्थानों पर रेस्क्यू अभियान चलाते हुए आठ सांपों एवं एक मॉनिटर लिज़ार्ड को सुरक्षित पकड़ा गया।

भाटी ने बताया कि बड़ी ग्राम में रामेश्वर जांगिड़ के घर के दरवाजे में फंसे स्पेक्टिकल कोबरा का देर रात रेस्क्यू किया गया। वहीं कन्हैया एग्रो के बारदान से इंडियन ब्लैक कोबरा, नरेंद्र पीपाड़ा के यहां से चार फीट लंबा रैट स्नेक, जय भोले कॉलोनी में पत्थरों के बीच से त्रिंकेट स्नेक तथा देबी लाल गुर्जर के खेत स्थित होद से चेकर्ड कीलबैक स्नेक को सुरक्षित निकाला गया।

इसी प्रकार इंदिरा कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित मकान से घायल चेकर्ड कीलबैक स्नेक, गोपाल भटा रोड पर मकान की सीढ़ियों से स्पेक्टिकल कोबरा तथा सिंधी कॉलोनी में हेमंत कुमार आशवानी के घर के कमरे से मॉनिटर लिज़ार्ड का रेस्क्यू किया गया।

इसके अलावा मांगीलाल चौधरी के खेत में पाइपलाइन में फंसे सात फीट लंबे रैट स्नेक के कारण मोटर के प्रेशर से पाइपलाइन तीन स्थानों से लीक हो गई, बाद में सर्प को बाहर निकाला गया।

रेस्क्यू के दौरान 'सर्प शिक्षा अभियान - सर्पदंश मृत्यु विहीन भारत' के तहत आमजन को सांपों से बचाव, उपचार एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर जागरूक और भयमुक्त किया गया।

# महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-पानी संकट एवं नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राज्यपाल के नाम शाहपुरा एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल




**शाहपुरा।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा द्वारा देश एवं प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, स्थानीय जन-समस्याओं तथा नीट पेपर लीक मामले के विरोध में महामहिम राज्यपाल के नाम शाहपुरा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर, ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में दिया गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली-पानी संकट तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जन-विरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रैगर ने कहा कि आज समाज का हर वर्ग – गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारी एवं मध्यम वर्ग – महंगाई की चौतरफा मार से बुरी तरह परेशान है। दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आमजन का जीवन कठिन हो गया है। उन्होंने नीट पेपर लीक मामले को देश के युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा खिलवाड़ बताते हुए भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और अब प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक से युवाओं का भविष्य अंधकार में जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नीट पेपर लीक ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का भरोसा तोड़ा है तथा इसकी निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

ब्लॉक अध्यक्ष महावीर कुमावत एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं को रखते हुए प्रशासन एवं सरकार को चेतावनी दी कि यदि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी बड़े स्तर पर जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। ज्ञापन में मांग की गई कि रसोई गैस, खाद्य तेल, दाल, दूध एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए। पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी के दाम कम कर आमजन को राहत प्रदान की जाए। किसानों के लिए खाद, बीज एवं कृषि उपकरणों की कीमतों में राहत दी जाए तथा युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएं। शाहपुरा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती बंद कर नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा भीषण गर्मी को देखते हुए आमजन को सुचारू पेयजल व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाए।

कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम महोदय से मांग की कि उक्त समस्याओं का शीघ्र समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की जाए।

इस दौरान पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा, कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लादूलाल खटीक, मंडल अध्यक्ष हनुमान वैष्णव, अजय मेहता, सुनील मिश्रा, ओम सिंधी, पूर्व पार्षद ओम सेन, रामस्वरूप टेपण, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय मेहता, अर्जुन सिंह राणावत, रामप्रसाद धाकड़, पार्षद अमजद खान, सुनील पाराशर, नूर मोहम्मद, विनीत बुनकर, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर, नगर कांग्रेस युवा अध्यक्ष अमन पौंड्रिक, शिवराज आचार्य, जयप्रकाश रैगर, भेरूलाल खटीक, फौजी राजू गुर्जर, मनीष नायक, विजय टेलर, कैलाश फामड़ा सहित नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पार्षदगण, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं रात्रि चौपाल 30 को

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भाजपा किसान मोर्चा जिला भीलवाड़ा के तत्वाधान विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं रात्रि चौपाल का आयोजन 30 मई शनिवार को आयोजित होगा जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं नवनियुक्त भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी मुख्य वक्ता होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा करेंगे।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने बताया कि किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भीलवाड़ा शंकर जाट सांगवा के नेतृत्व में कार्यकर्ता सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय में दोपहर 3 बजे आयोजित होगा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान रात्रि चौपाल का आयोजन संतोषपुरा मान्डल चौराहा, मान्डल में साय 7 बजे आयोजित होगा कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के 30 मई को भीलवाड़ा आगमन की तैयारीयो को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय भीलवाड़ा पर आयोजित की गई, इस बैठक में उनके आगामी दौरे को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशानुसार बैठक किसान मोर्चा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष शंकर जाट ( सागवा) की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई को भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी का एक दिवसीय प्रवास रहेगा जिसमें किसान महासभा व रात्रि चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा बैठक में जिला महामंत्री शैलेंद्र व्यास, लोकेंद्र सिंह, मोर्चे के कोषाध्यक्ष मथुरा लाल जाट, जिला मंत्री हिम्मत सिंह, रवि राव, मंडल महामंत्री विष्णु ओझा व समस्त जिला कार्यकारिणी उपस्थिति रही।

## नालियों और सड़कों पर फैली गंदगी से लोगों ने भारी नाराजगी

स्मार्ट हलचल | बानसूर

नगरपालिका क्षेत्र के कई मोहल्लों में जाम नालियों और सड़कों पर फैली गंदगी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नालियों में कचरा जमा होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे जगह-जगह कीचड़ और बदबू फैल गई है। राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि त्यागी जी मंदिर मार्ग, कालका माता मंदिर मार्ग, नारायणपुर रोड, हरसौरा रोड, कोटपूतली सुभाष चौक के पास और बाईपास रोड पर हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने जल्द नालियों की सफाई और नियमित सफाई व्यवस्था की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन किया जाएगा।

## बिजयनगर में मानवाधिकार आयोग की दस्तक

# जस्टिस जी.आर. मूलचंदानी ने की अस्पताल से थाने तक व्यवस्थाओं की समीक्षा

स्मार्ट हलचल



**बिजयनगर।** माननीय जस्टिस जी.आर. मूलचंदानी ने शुक्रवार को बिजयनगर स्थित राजकीय अस्पताल एवं पुलिस थाना बिजयनगर का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवा उपलब्धता, रिकॉर्ड संधारण तथा आमजन को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। वहीं पुलिस थाना परिसर में अभिलेखों के रख-रखाव, फरियादियों की सुनवाई, मानवाधिकार संबंधी व्यवस्थाओं एवं थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जस्टिस मूलचंदानी ने संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आमजन को बेहतर, पारदर्शी एवं संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक संस्थानों में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं मानवीय दृष्टिकोण बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

अस्पताल एवं पुलिस थाना परिसर की व्यवस्थाओं को लेकर वे संतुष्ट नजर आए, हालांकि कुछ बिंदुओं पर सुधार एवं व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान, स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित हों तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रार्थियों को रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराई जा सके, इसके लिए पुलिस वृत्ताधिकारी मसूदा को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारीगण, बिजयनगर न्यायिक न्यायालय के कर्मचारीगण, पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा आयोग अध्यक्ष को विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

## लाडपुरा भागवत कथा के छठे दिन रासलीला आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन की लीला : पूज्य महाराज श्री

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** कस्बे के सामुदायिक भवन परिसर में ग्रामवासी द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को राकेश मिश्रा महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस पर पूज्य महाराज श्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के शेष प्रसंगों का अत्यंत रसपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन किया। कथा के अंतर्गत इन्द्र के मान-मर्दन, गोवर्धन पूजा एवं दिव्य रासलीला का सुंदर प्रसंग सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि रासलीला को केवल सांसारिक दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। यह कामलीला नहीं, बल्कि काम पर विजय प्राप्त कर शुद्ध आत्मा का परमात्मा से मिलन कराने वाली दिव्य लीला है।

इसके पश्चात रुक्मणी मंगल प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन हुआ, जिसे सुन श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर हो उठे। रुक्मणी मंगलमय कन्यादान के अवसर पर 15,500 की राशि समर्पित हुई।

पूज्य महाराज श्री ने सेवा एवं गौसंरक्षण की भावना से प्रेरित होकर अपनी ओर से यह राशि स्थानीय सांवरिया गोशाला को विनम्र भाव से भेंट स्वरूप समर्पित की। कथा के माध्यम से भक्तों को भक्ति के साथ सेवा, संस्कार एवं गौसेवा का संदेश भी प्रदान किया गया।

कथा विश्राम के समय भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी मैया के विवाह की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। रुक्मणी कन्यादान में 15500 की राशि प्राप्त हुई जो महाराज ने लाडपुरा की सांवरिया गौशाला में ही प्रदान कर दी। आयोजकों ने बताया कि यह सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन सामुदायिक भवन परिसर में प्रातः 10:15 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। सात दिवसीय भागवत कथा का 30 ई को समापन होगा।

## पंचमुखी श्मशान में नौतपा की तपन के बीच हो रहा पंच धुना अग्नि तप

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भीषण गर्मी और नौतपा की तेज तपन के बीच शहर के पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में 9 दिवसीय पंच धुना अग्नि तप हो रहा है। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी द्वारा किए जा रहे इस विशेष धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य देश में सुख-शांति, किसानों की समृद्धि, अच्छी फसल, जगत कल्याण तथा मानसून में अच्छी बारिश की कामना करना है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नौतपा के दौरान सूर्य देव के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने से उनकी किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ती हैं, जिससे गर्मी और तपन अत्यधिक बढ़ जाती है। इसी तपन को कम करने तथा जीव-जंतुओं और मानव जीवन को राहत प्रदान करने की भावना से संत-महात्मा पंच धुना अग्नि तप करते हैं। पंच धुना अग्नि तप के तहत पांच दिशाओं में कंडों से धूने जलाए जाते हैं और उनके मध्य बैठकर संत साधना व ध्यान करते हैं। मंदिर परिसर में चल रहे इस दुर्लभ धार्मिक अनुष्ठान को देखने और आशीर्वाद लेने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। मंदिर पुजारी रवि कुमार सोलंकी ने बताया कि पंचमुखी मोक्षधाम स्थित प्राचीन मसानिया भेरुनाथ मंदिर में नौतपा की शुरुआत के साथ ही 9 दिनों तक पंच धुना अग्नि तप किया जा रहा है। यह तप भारत में सुख-शांति, किसानों की अच्छी फसल, जगत कल्याण और मानसून में अच्छी वर्षा की कामना को लेकर किया जाता है। श्रद्धालु गौरव ने बताया कि उन्होंने साधु-संतों द्वारा अग्नि के बीच बैठकर तपस्या करने के बारे में सुना जरूर था, लेकिन पहली बार इसे अपनी आंखों के सामने देखा है। यह दृश्य बेहद अद्भुत और आस्था से भर देने वाला है। वहीं मंदिर के पुजारी संतोष कुमार खटीक ने बताया कि पंच धुना तप के दर्शन के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## भ्रष्टाचार पर भजनलाल शर्मा का फैसला

# एक आईएएस सहित 103 अफसर निलंबित, 6 बर्खास्त

### 11 की रोकी आजीवन पेंशन, 108 प्रकरणों में दी अभियोजन स्वीकृति

### कोर्ट में दोषी साबित हुए तो सीधे बर्खास्तगी

स्मार्ट हलचल

जयपुर । रिश्वत, आय से अधिक संपत्ति और पद का दुरूपयोग करने पर अधिकारियों को न्यायालय में दोष सिद्ध होने के बाद तुरंत सेवा से निकाल बाहर किया गया। पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन विकास अधिकारी (सुवाणा, भीलवाड़ा) भरत प्रकाश मेघवाल, तत्कालीन कृषि उप निदेशक (झुंझुनूं) राजेश कुमार नैनावत, तत्कालीन सहायक आयुक्त भरतपुर (वित्त कर) महावीर सिंह आसीवाल, तीन चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम मोहन सिंह चौहान (सीएचसी बिछीवाड़ा, डूंगरपुर), डॉ. मुरलीधर शर्मा (सीएचसी रामगढ़ पचवारा, दौसा) और डॉ. मनोहर लाल (सीएचसी रामगढ़, अलवर) को सेवा से बर्खास्त किया गया है।

**जनता को मिलेगा साफ-सुथरा प्रशासन**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने स्पष्ट कर दिया है कि आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। जो अफसर जनता के पैसे पर डाका डालेगा, उसकी न नौकरी रहेगी, न पेंशन और न ही कानून से बचने का कोई रास्ता। सरकार ने 11 अधिकारियों को भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मामलों में आजीवन शत-प्रतिशत पेंशन रोक कर दण्डित किया है, जिनमें बनवारी लाल मीणा, आरएएस, तत्कालीन उप सचिव (नगर विकास न्यास, अलवर), डॉ. शिवनारायण यादव, तत्कालीन वरिष्ठ चिकित्साधिकारी (सीएचसी, नीमराणा, अलवर), देवेन्द्र सिंह ढिल्लो, आरएएस, उप सचिव (नगर विकास न्यास, अलवर), मनोहर लाल सिसोदिया, तत्कालीन विकास अधिकारी (कपासन), तत्कालीन कनिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कोठारी (सीएचसी मांडलगढ, भीलवाड़ा), डॉ. कल्पना श्रीवास्तव, तत्कालीन चिकित्साधिकारी, (गंगरार-चित्तौडगढ़), नृसिंह रेबारी, तत्कालीन सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी (प्रतापगढ़), सुरेश माथुर, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी (जैसलमेर), महेन्द्र सिंह, आरपीएस, तत्कालीन वृत्ताधिकारी (सवाई माधोपुर), डॉ. लक्ष्मण दत्त शर्मा, तत्कालीन चिकित्साधिकारी (निवाई-टोंक) एवं डॉ. अविनाश कुमार शर्मा, तत्कालीन सहायक निदेशक, पशुधन विकास (बांसवाड़ा) शामिल हैं।

**जनता के पीने के पानी से खिलवाड़ करने पर गई नौकरी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हाल ही में भ्रष्ट अधिकारियों पर शिकंजा कसते हुए एक और बड़ी कार्रवाई की है। पीएचईडी की अलवर प्रयोगशाला के वरिष्ठ रसायनज्ञ प्रदीप कुमार हजरती ने पेयजल के नमूनों की गुणवत्ता जांच में फर्जी रिपोर्ट तैयार की। मुख्यमंत्री ने ऐसे घोर लापरवाह अधिकारी को तत्काल सेवा से बाहर करने का निर्णय लिया। इसी तरह, हरिसिंह मीना (तत्कालीन एपीपी, एसीजेएम-4, कोटा) को एसीबी कोर्ट द्वारा सजा सुनाये जाने के बाद नौकरी से हटाया।

**और किस पर क्या कार्रवाई**

**अनिवार्य सेवानिवृत्ति**

**डॉ. विलास राव गुल्हाने (तत्कालीन वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, झालावाड़)**

**आजीवन शत-प्रतिशत पेंशन रोकी**

**देशराज नूनिया (तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, आईजीएनपी मोहनगढ़, जैसलमेर)**

**अभियोजन स्वीकृति**

देवी सिंह (तत्कालीन एसडीएम, डीग), डॉ. पवन कुमार जैन (तत्कालीन बीसीएमओ, लालसोट), मायालाल सैनी (तत्कालीन एक्सईएन पीएचईडी अलवर), राकेश चौहान (तत्कालीन एईएन पीएचईडी अलवर), गोपाल लाल कुमावत (तत्कालीन लेखाधिकारी, राज. जलप्रदाय एवं सीवरेज बोर्ड, जयपुर), राकेश सिंह (तत्कालीन एईएन पीएचईडी नीमराना), प्रदीप कुमार (तत्कालीन जेईएन पीएचईडी नीमराना), विशाल सक्सेना (तत्कालीन एक्सईएन पीएचईडी शाहपुरा), महेन्द्र प्रकाश सोनी (तत्कालीन एसीई विशेष परियोजना, अजमेर)

## अवैध मादक पदार्थ में वांछित ईनामी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | बानसूर



भीलवाड़ा । कारोई थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी अर्जुन कुमार पर □5,000 का इनाम घोषित था। वह गांजा सप्लाई करने के मामले में काफी समय से फरार चल रहा था। यह कार्रवाई गंगापुर थाने में दर्ज प्रकरण संख्या 20/2026 के तहत की गई है, जो धारा 8/20 और 8/29 ह्ष्ठक्क्र एक्ट (नारकोटिक्स एक्ट) के अंतर्गत आता है। पुलिस टीम ने तकनीकी सहायता ('द्ग्ष्ठ्ठ-ठ्ठद्धष्ठ्ठद्य स्ह्वह्ल1द्दद्बद्यद्यड्डठ्ठष्ठ्ठ) ली, आरोपी का रूट चार्ट तैयार किया और उसके छिपने के ठिकानों (सकुनत) पर लगातार दबिश देकर उसे धर दबोचा। यह कार्रवाई भीलवाड़ा जिला पुलिस अधीक्षक (स्क्क) सागर राणा के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक (सहाड़ा) बुद्धराज और पुलिस उप अधीक्षक (गंगापुर) सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में कारोई थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में की गई।

**इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम के सदस्य:**

महावीर प्रसाद (पुलिस निरीक्षक / थानाधिकारी), दिनेश कुमार (हेड कांस्टेबल ), विक्रम (कांस्टेबल )

हेमेंद्र सिंह

## अपराध रोकने के लिए आगे आया गुर्जर समाज, सख्त कार्रवाई की मांग



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

समाज में फैल रही आपराधिक गतिविधियों और कुरीतियों को जड़ से मिटाने के लिए गुर्जर समाज सुधार कमेटी ने जिला पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

समाज में बढ़ रहे मृत्युभोज, अफीम सेवन, बेटियों का सौदा, गैंग बनाकर अवैध वसूली और बाल विवाह जैसे गंभीर मामलों पर चिंता जताते हुए कमेटी ने स्क्क को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष नारायण लाल भडाणा ने कहा, 'समाज में फैली कुरीतियों और कुछ लोगों द्वारा गैंग बनाकर की जा रही अवैध वसूली से पूरे गुर्जर समाज का नाम खराब हो रहा है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। '

पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानून तोड़ने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गुर्जर समाज सुधार कमेटी ने एक नई पहल के तहत समाज में जन-जागृति अभियान शुरू किया है।

## महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल: प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### सहकारिता मंत्री के अभद्र व्यवहार की निंदा, पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत ने की बर्खास्तगी की मांग

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



देश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के आसमान छूते दामों के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर एवं ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेंद्रसिंह जाड़ावत ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश की जनता महंगाई की मार से त्रस्त है। रसोई गैस, खाद्य तेल, दालें, दूध और पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों ने आम आदमी का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि 'बहुत हुई महंगाई की मार, वापस लाओ कांग्रेस सरकार' का नारा आज देश की जनता की आवाज बन चुका है। केंद्र सरकार केवल पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी है, जबकि गरीब, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और युवा आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। जाड़ावत ने तंज कसते हुए कहा कि 'मोदी है तो महंगाई है' अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि देश की वास्तविकता बन चुकी है।

प्रवक्ता नवरतन जीनगर ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति से मांग की गई है कि केंद्र सरकार को महंगाई पर नियंत्रण करने और आमजन को राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए जाएं।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यमंत्री जाड़ावत ने सहकारिता मंत्री गौतम दक द्वारा पुलिसकर्मियों के प्रति कथित अभद्र भाषा के प्रयोग की भी कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में लोकतांत्रिक मर्यादाओं और प्रशासनिक गरिमा को ठेस पहुंचाना दुर्भाग्यपूर्ण है। दिन-रात जनता की सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों को सार्वजनिक मंच पर अपमानित करना बेहद निंदनीय है। जाड़ावत ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस मामले में स्पष्ट रुख अपनाते हुए मंत्री से सार्वजनिक माफी मंगवाई जाए और उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस अवसर पर विधानसभा संगठन प्रभारी नरेंद्रसिंह गुढ़ा, वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मूंदड़ा, शहर अध्यक्ष अनिल सोनी, ग्रामीण अध्यक्ष विक्रम जाट, प्रदेश सचिव रणजीत लोट, पूर्व सभापति रमेशनाथ योगी, उप सभापति कैलाश पंवार, जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र सिंह राठौड़, जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह जाड़ावत, सरपंच संघ जिला अध्यक्ष रविराज सिंह जाड़ावत, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेणु कंवर राठौड़, ग्रामीण महिला कांग्रेस अध्यक्ष गायत्री चौधरी, वृत्तिका सालवी, नेहा सिंह और माया सालवी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## सहकारिता मंत्री गौतम दक का ऑडियो वायरल, महिला कांग्रेस ने की बर्खास्तगी की मांग

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



राजस्थान सरकार के सहकारिता मंत्री गौतम दक का महिलाओं के प्रति कथित अभद्र भाषा वाला एक ऑडियो वायरल होने के बाद सियासी बवाल मच गया है। चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने इस कृत्य की कड़ी भर्त्सना करते हुए मुख्यमंत्री से मंत्री को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है।

चित्तौड़गढ़ जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि सार्वजनिक जीवन में और सरकार के उच्च पद पर बैठे किसी मंत्री द्वारा महिलाओं का इस प्रकार अपमान करना कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि एक सभ्य समाज में ऐसी अभद्र भाषा के लिए कोई जगह नहीं है।

**भाजपा के 'संस्कारों' पर उठाया सवाल**

महिला कांग्रेस ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि खुद को संस्कारवान कहने वाली पार्टी के एक मंत्री की यह भाषा उनकी निकृष्ट सोच को प्रदर्शित करती है। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि जो पार्टी महिलाओं के सम्मान के बड़े-बड़े दावे करती है, उसी के मंत्री महिलाओं के लिए ऐसी घटिया शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग**

जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा, 'मैं चित्तौड़गढ़ जिले की महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष होने के नाते इस 'गालीबाज' मंत्री के कृत्य की घोर निंदा करती हूं। मुख्यमंत्री को चाहिए कि वे महिलाओं का अपमान करने वाले ऐसे मंत्री से तुरंत इस्तीफा लें और उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर करें।

फिलहाल इस वायरल ऑडियो के सामने आने के बाद कांग्रेस आक्रामक मुद्रा में आ गई है और मंत्री के खिलाफ विरोध तेज होने के आसार हैं।

## जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है आमजन: महंगाई के खिलाफ निंबाहेड़ा में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार केंद्र सरकार की जनविरोधी आर्थिक नीतियों, लगातार बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों के खिलाफ शुक्रवार को निंबाहेड़ा में कांग्रेस ने जोरदार हल्ला बोल किया। निंबाहेड़ा ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर, प्रधानमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।

शुक्रवार प्रातः 11 बजे आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, जनप्रतिनिधि और युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए बढ़ती महंगाई पर गहरा रोष व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम आदमी का जीवन अत्यंत कठिन बना दिया है। जनता की आय घट रही है, जबकि गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और नौकरीपेशा वर्ग पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

**महंगाई ने तोड़ी जनता की कमर : उदयलाल आंजना**

इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां पूरी तरह जनविरोधी साबित हो रही हैं। महंगाई बेलगाम हो चुकी है और आम आदमी अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भी असमर्थ होता जा रहा है।

आंजना ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है, जबकि जरूरत पेट्रोलियम पदार्थों और गैस पर टैक्स कम करके जनता को राहत देने की है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी बढ़ रही है और किसान परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार ने महंगाई पर नियंत्रण करने के लिए जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हित में इस आंदोलन को और अधिक उग्र और व्यापक रूप देगी।

**कार्यक्रम का संचालन और आभार**

कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संपतलाल धाकड़, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष भोपराज टांक के नेतृत्व में किया गया। अंत में कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

**प्रदर्शन में ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**

इस दौरान क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, नगर कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव रविप्रकाश सोनी, मनोज पारख, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना, प्रदेश युवा कांग्रेस वरिष्ठ महासचिव यशपाल सिंह शक्तावत, लक्ष्मण सिंह सोलंकी, बाबूलाल आंजना, नुसरत खान, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष बलवंत जाट, हाजी शब्बीर गौरी, आज़ाद गौरी, रमेश तेली, बापुलाल गायरी, खेमराज कुमावत, दीपक धाकड़, दिनेश गुप्ता, रोमी पोरवाल, राजेश सांड, राहुल सेन और भंवर सिंह शक्तावत सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

## चौबीसा समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन 31 मई को

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

चौबीसा ब्राह्मण समाज का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन 31 मई 26 को रतलाम में होने जा रहा है इस हेतु तैयारियां जोर शोर से चल रही है।

चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति उदयपुर के महासचिव हरीश चौबीसा ने बताया कि विगत वर्ष मार्च 2025 में चौबीसा समाज का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन पहली बार उदयपुर में संपन्न हुआ था। इस वर्ष चौबीसा ब्राह्मण समाज का यह परिचय सम्मेलन श्री चौबीसा ब्राह्मण समाज रतलाम के मेजबानी में रतलाम के चंपा विहार गार्डन में आयोजित हो रहा है।

चौबीसा समाज रतलाम के प्रकाश शर्मा जॉनी, कपिल वत्स,वैभव शर्मा,चेतन राजावत, महेश वत्स एवं उनकी टीम द्वारा मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं गुजरात के इंदौर, उज्जैन, भोपाल, देवास, बांसवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर, अहमदाबाद, नीमच, मंदसौर, नागदा , सलूंबर, चित्तौड़,खाचरौद,मुंबई एवं कई अन्य शहरों तथा गांवों में संपर्क किया जा रहा है। परिचय सम्मेलन में पुस्तिका भी जारी की जाएगी जिसमें युवक युवतियों की जानकारी होगी। सम्मेलन को सफल बनाने के लिए चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति उदयपुर के अध्यक्ष प्रेमशंकर उपाध्याय एवं उनकी पूरी टीम पूरा सहयोग प्रदान कर रही है साथ ही इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उदयपुर कार्यकारिणी का प्रतिनिधि मंडल रविवार को रतलाम जायेगा।

# एशिया की सबसे पुरानी लाखेरी सीमेंट फैक्ट्री में दो महीने से उत्पादन बंद, हजारों परिवारों पर रोजी-रोटी का संकट

स्मार्ट हलचल|बूंदी

राजस्थान के जिले का एक ऐतिहासिक कस्बा 'लाखेरी' आज अपनी पहचान और वजूद की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहा है. एशिया की सबसे पहली सीमेंट फैक्ट्री, जिसने साल 1912-13 में अपनी नींव रखी थी और जहां 1917 से देश के निर्माण के लिए सीमेंट का उत्पादन शुरू हुआ था, आज पूरी तरह खामोश हो चुकी है. बीते दो महीनों से इस फैक्ट्री में उत्पादन पूरी तरह से बंद है।

करीब 113 साल के गौरवशाली इतिहास को समेटे इस प्लांट के बंद होने से न केवल लाखेरी बल्कि पूरे बूंदी जिले में हड़कंप मच गया है. जो फैक्ट्री कभी एसोसिएट सीमेंट कंपनी (ष्टष्ट) के अधीन देश की धड़कन हुआ करती थी, उसका करीब 4 साल पहले अडानी ग्रुप ने टेकओवर किया था. टेकओवर के बाद उत्पादन जारी था, लेकिन अचानक दो महीने पहले इसके पहिये थम गए. अब स्थिति यह है कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से इस फैक्ट्री पर निर्भर करीब 20,000 लोगों के सामने पेट पालने का संकट खड़ा हो गया है। ठप हुई लाखेरी कस्बे की अर्थव्यवस्था पर अब कांग्रेस- भाजपा नेताओं ने शुरू किया आंदोलन।

पूर्व विधायक और भाजपा नेता चंद्रकांता मेघवाल का कहना है कि मैनेजमेंट की बहुत बड़ी खामी रही है, इसके चलते 2 महीने से उत्पादन सीमेंट फैक्ट्री में बंद है. चंद्रकांता मेघवाल ने सीधे तौर पर ग्रुप के स्थानीय मैनेजमेंट की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा यह फैक्ट्री प्रबंधन की बहुत बड़ी प्रशासनिक खामी और हठधर्मिता है. यह उनका कोई निजी खिलौना नहीं है जिसे जब चाहे शुरू कर दें और जब चाहे बंद कर दें. लाखेरी के लोगों का इस फैक्ट्री के साथ मां-बेटे का रिश्ता है. यह यहां की जीवनदायिनी है. पिछले 50 सालों में इसी प्लांट ने कंपनी को अरबों रुपये का मुनाफा कमा कर दिया है, आज अगर थोड़ा नफा-नुकसान हो भी रहा है, तो इस तरह अचानक ताला नहीं जड़ा जा सकता. मेघवाल ने फैक्ट्री प्रबंधन को नसीहत दी है कि वे अपनी हठधर्मिता छोड़कर तुरंत जनप्रतिनिधियों के साथ टेबल पर बैठें, संवाद करें और जो भी तकनीकी या वित्तीय समस्या है, उसे राज्य और केंद्र सरकार के सामने रखें ताकि इसका कोई बीच का रास्ता निकाला जा सके। बूंदी जिले के लाखेरी कस्बे में करीब 100 साल से भी ज्यादा समय से उत्पादन कर रही फैक्ट्री से प्रोडक्शन बंद होने पर जिले में हड़कंप मच गया है। फैक्ट्री प्रबंधन सीधे तौर पर कुछ भी नहीं कर रहा है। हालांकि प्रोडक्शन बंद होने की बात स्वीकार रहे हैं. दूसरी तरफ सामाजिक और राजनीतिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिए हैं. फैक्ट्री में काम कर रहे करीब 1 हजार के आसपास कार्मिक और मजदूरों में रोजगार का संकट छा गया है. इस सीमेंट फैक्ट्री से करीब 3000 के आसपास परिवारों का रोजगार चल रहा था. प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 20000 से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हैं. दूसरी तरफ लाखेरी कस्बे की पूरी अर्थव्यवस्था इसी फैक्ट्री के दम पर चल रही है. 100 साल पुरानी इस धरोहर और रोजगार के साधन को छिनता देख बूंदी जिले की राजनीति पूरी तरह गरमा गई है. कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल मैदान में उतर आए हैं और एक-दूसरे के साथ-साथ फैक्ट्री प्रबंधन को भी आड़े हाथों ले रहे हैं।



### कांग्रेस द्वारा एक जून को कलेक्ट्रेट पर किया जाएगा विरोध प्रदर्शन

बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने इस फैक्ट्री को चालू रखने की मांग की है, उनका कहना है की फैक्ट्री बूंदी जिले की शान रही है. इसे बंद होने के चलते पूरे जिले की छवि खराब होगी, यहां तक की रोजगार का भी संकट लोगों पर हो जाएगा. वहीं केशोरायपाटन से कांग्रेस विधायक सीएल प्रेमी ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है. उन्होंने कहा कि 1 जून से कलेक्ट्रेट पर एक विशाल विरोध प्रदर्शन और आंदोलन शुरू किया जाएगा. इस आंदोलन में उनके साथ पूर्व मंत्री व हिंडोली विधायक अशोक चांदना और बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा भी शामिल रहेंगे. सीएल प्रेमी ने लोकसभा अध्यक्ष और स्थानीय सांसद ओम बिरला से भी इस गंभीर मामले में सकारात्मक रुख अपनाते हुए तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है।

## निवेश के नाम पर 27 लाख की साइबर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल|भीलवाड़ा

भीलवाड़ा की साइबर थाना पुलिस ने फर्जी कंपनी के नाम पर निवेश कराकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में आरोपी देवांश शर्मा को गिरफ्तार किया है, जो वर्तमान में एक हत्या के मामले में न्यायिक हिरासत में चल रहा था। इस प्रकरण में पूर्व में भी 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### क्या है पूरा मामला

आरोपियों ने खुद को सेबी रजिस्टर्ड बताते हुए उसे 'कोटक सिक्योरिटीज प्राइवेट मार्केट ट्रेडिंग' से जुड़े व्हाट्सएप ग्रुपों में जोड़ा। इसके बाद आईपीओ और शेयर ट्रेडिंग में निवेश का झांसा देकर उसका विश्वास जीता गया।

### आरोपियों ने एक फर्जी ऐप

(NEO KOTMAT APP / KOTPRO APP) के माध्यम से पीड़ित और उसके परिवार पर मानसिक दबाव बनाया। किश्तों में पीड़ित के बैंक खातों से कुल 26,98,000 विभिन्न फर्जी बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। इसके बाद पीड़ित की सहमति के बिना ÒEMIAC TECHNOLOGIES LTDÓ के शेयर आवंटित दिखाकर और रुपयों की मांग की जाने लगी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस की कार्रवाई और कानूनी धाराएं

पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाने में प्रकरण संख्या 11/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (•हस् 2023) की धारा 318(4), 319(2) और आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। हेमंत नोगिया (अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, त्वरित अनुसंधान एवं निस्तारण दल) के निर्देशन और साइबर थाना प्रभारी रामशरण (पुलिस निरीक्षक) के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और संदिग्ध बैंक खातों की जांच करते हुए मुख्य आरोपी देवांश शर्मा को धर दबोचा। जांच में सामने आया कि आरोपी टेलीग्राम ऐप के माध्यम से साइबर ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए संदिग्ध बैंक खातों का सौदा (बेचान) करता था।



# कोटा के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा ने लॉस एंजेलिस, अमेरिका की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया का किया दौरा

**डॉ. सुरेश पाण्डेय ने यूएससी लाइब्रेरी को भेंट की अपनी प्रेरणादायी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई'**

स्मार्ट हलचल|कोटा

प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ, लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुरेश पाण्डेय तथा डॉ. विदुषी शर्मा (निदेशक, सुवि आई इंस्टीट्यूट एवं लेसिक लेजर सेंटर, कोटा) ने हाल ही में अमेरिका के लॉस एंजेलिस स्थित विश्वप्रसिद्ध यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया एवं उसके प्रतिष्ठित रोस्की आई इंस्टीट्यूट शैक्षणिक एवं प्रेरणादायी दौरा किया। इस विशेष यात्रा के दौरान डॉ. सुरेश पाण्डेय ने अपनी चर्चित एवं प्रेरणादायी पुस्तक 'एन आई फॉर द स्काई') यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया की लाइब्रेरी को सप्रेम भेंट की। यह पुस्तक संघर्ष, सेवा, चिकित्सा और सपनों की शक्ति को दर्शाने वाली एक प्रेरक आत्मकथा मानी जाती है, जिसने देश-विदेश के अनेक पाठकों को प्रेरित किया है।



यात्रा के दौरान डॉ. सुरेश पाण्डेय, डॉ. विदुषी शर्मा एवं उनकी सुपुत्री इशिता पाण्डेय ने यूनिवर्सिटी ऑफ सदर्न कैलिफोर्निया के प्रेसिडेंट मिस्टर बियोंग-सू किम से भी शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा, नवाचार, युवा प्रेरणा और वैश्विक सहयोग जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने यूएससी एनेनबर्ग स्कूल की डीन विलो बे से भी शिष्टाचार भेंट कर शिक्षा, मीडिया, संचार एवं युवा नेतृत्व जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा की।

अपने अमेरिकी प्रवास में डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा ने विश्वविख्यात रोस्की आई इंस्टीट्यूट का भी भ्रमण किया, जहां उनकी विशेष मुलाकात प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मार्क एस. हुमायूं से हुई। डॉ. मार्क एस. हुमायूं को दुनिया का पहला सफल आर्टिफिशियल रेटिना विकसित करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने बायोमेडिकल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, मेडिसिन, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक बहुआयामी टीम का नेतृत्व करते हुए दृष्टिहीन लोगों की आंखों में फिर से रोशनी लाने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

डॉ. सुरेश पाण्डेय ने कहा कि यूएससी और रोस्की आई इंस्टीट्यूट का यह दौरा उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान, रिसर्च और नवाचार के क्षेत्र में डॉ. मार्क हुमायूं का योगदान पूरी दुनिया के युवा डॉक्टरों और शोधकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

डॉ. सुरेश पाण्डेय एवं डॉ. विदुषी शर्मा की यह अमेरिका यात्रा भारत और वैश्विक चिकित्सा जगत के बीच ज्ञान, नवाचार और मानवीय सेवा के आदान-प्रदान का उत्कृष्ट उदाहरण है। एक छोटे से शहर कोटा से निकलकर वैश्विक स्तर पर चिकित्सा, साहित्य और प्रेरणा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले डॉ. सुरेश पाण्डेय की यह उपलब्धि युवाओं के लिए यह संदेश देती है कि बड़े सपने, समर्पण और सतत प्रयास किसी भी व्यक्ति को विश्व मंच तक पहुंचा सकते हैं।

## देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष भडाणा ने किया श्रमदान

### साइकिल चलाकर दिया स्वस्थ रहने का संदेश

स्मार्ट हलचल| बूंदी

राज्य सरकार के 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत शुक्रवार को जैतसागर क्षेत्र में श्रमदान और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश भड़ाणा, ने श्रमदान कर आमजन को साफ-सफाई और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण का संदेश दिया।

बोर्ड अध्यक्ष ने बूंदी के नैसर्गिक और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए नियमित श्रमदान करने की बात भी कही।जैतसागर झील किनारे बोर्ड अध्यक्ष के साथ जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, महामंत्री संजय लाठी, ऑयल इंडिया के निदेशक मोतीलाल मीणा, पूर्व नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत, राजकुमार श्रृंगी, उपखंड अधिकारी लक्ष्मीकांत मीणा, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, तहसीलदार अर्जुन लाल मीणा ने श्रमदान किया।

पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए बोर्ड अध्यक्ष और जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने जैतसागर झील से लेकर चौथ माता मंदिर तक साइकिल चलाकर सफर तय किया। इस दौरान उन्होंने पेट्रोल-डीजल जैसे ईंधन बचाने और अपनी नियमित दिनचर्या में साइकिल को शामिल कर स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।



श्रमदान के अवसर पर बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार जल संरक्षण को लेकर संकल्पित है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जल बचत और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई के इस महाभियान से आमजन को अधिकाधिक संख्या में जुड़ना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए पानी सहेजा जा सके। 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के माध्यम से कुएं, बावड़ी, तालाब आदि जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की जा रही है ताकि आगामी मानसून में बारिश के पानी को संरक्षित किया जा सकें।

# किसानों को सब्सिडी पर कुट्टी मशीनें वितरित, बढ़ेगी आय

स्मार्ट हलचल|कोटा

कोटा-बूंदी दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड सरस डेयरी द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों एवं पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शुक्रवार को सब्सिडी पर कुट्टी मशीनों का वितरण किया गया। अध्यक्ष चैन सिंह राठौड की अगुवाई में सरस डेयरी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसानों को विद्युत संचालित 38 कुट्टी मशीनें तथा 15 स्वचालित कुट्टी मशीनें वितरित कीं। मशीनें प्राप्त करने के बाद किसानों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में बताया गया कि सरस डेयरी द्वारा चरणबद्ध तरीके से कुल 300 कुट्टी मशीनों का वितरण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों पशुपालकों को लाभ मिलेगा। शुक्रवार को प्रथम चरण में 53 मशीनों का वितरण किया गया। योजना का लाभ उन किसानों को प्राथमिकता से दिया गया जो नियमित रूप से डेयरी को दुग्ध उपलब्ध करा रहे हैं।



इस अवसर पर सरस डेयरी के प्रबंध निदेशक दिलखुश मीणा सहित बड़ी संख्या में कृषक एवं डेयरी से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार किसानों एवं पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में संचालित विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक कुट्टी मशीनों के उपयोग से पशुओं के लिए चारे की कटाई आसान होगी, समय और श्रम की बचत होगी तथा पशुओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

राठौड़ ने कहा कि सरस डेयरी केवल दुग्ध संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि किसानों के समग्र विकास के लिए आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने पशुपालकों से नई तकनीकों को अपनाने और डेयरी से अधिकाधिक सब्सिडी पर वितरित हुई कुट्टी मशीनें का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने सरस डेयरी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कुट्टी मशीनों से पशुपालन कार्य अधिक सुगम होगा तथा चारे की बर्बादी भी कम होगी। किसानों ने इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने वाली उपयोगी योजना बताया।

## शाइन इंडिया फाउंडेशन के प्रयासों से विवेक को मिली कॉर्निया ट्रांसप्लांट से रौशनी

### सालों बाद ठीक से माता-पिता,भाई बहन को देख पाया विवेक

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** हाडोती संभाग में 15 वर्षो से नेत्रदान, अंगदान और देहदान के लिए कार्य कर रही हाड़ौती संभाग की एकमात्र संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा कॉर्निया कि अंधता से पीड़ित मरीजों के उपचार के लिये भी अनवरत प्रयास किया जा रहा है।

शाइन इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक डॉ कुलवंत गौड़ में बताया कि चार माह पूर्व, नेत्रदान जागरूकता की कार्यशाला के दौरान बारां जिले की तहसील किशनगंज के गांव, ग्राम विलासगढ़ निवासी, रामराज के तीन बच्चे विवेक, प्रियंका,शुभम जोकि जन्म के कुछ समय पश्चात से ही पूर्णतया देख नहीं पा रहे थे, संस्था के संपर्क में आये एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन के द्वारा जब तीनों बच्चों को कोटा के नेत्ररोग चिकित्सक डॉ अरनव सरोया को दिखाया तो पाया गया कि यह तीनों आंखों की (कॉर्निया) पुतली के सफेद हो जाने के कारण (कंजेटियल हेरेडिटरी एंडोथीलियल डिस्ट्रॉफी) बीमारी से नेत्रहीन हो गए है, एवं कॉर्नियल प्रत्यारोपण के द्वारा ही इन्हें रोशनी दिया जाना संभव है ऐसे में, संस्था ने तुरंत तीनों बच्चों को व्यक्तिगत खर्चे पर गांव से सीधा इंदौर के शंकरा नेत्रालय में भेजा, साधनहीन परिवार होने के कारण कोटा से इंदौर तीन, चार बार आने जाने का यात्रा व्यय, दवाईयों एवम ऑपरेशन का खर्च एवं सभी जांच का खर्च संस्था के द्वारा स्वयं वहन किया गया।



ज्योति मित्र कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि इंदौर में शंकरा नेत्रालय में कॉर्नियल ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ अमित देवकर ने तीनों बच्चों की विस्तृत जांच की और पाया कि जटिल स्थिति होने के बाद भी तीनों बच्चों में रोशनी आने की संभावना है, एवं पहले चरण में 13 वर्षीय बालक विवेक को कोर्निया प्रत्यारोपित करने का निश्चय किया। डॉ अमित देवकर ने विवेक को नेत्रदान में प्राप्त कॉर्निया की पांच परतों में से एक परत प्रत्यारोपित करने की जटिल सर्जरी क्रिया को किया गया। पूरे कोर्निया की जगह केवल एक परत ट्रांसप्लांट करने की यह अत्याधुनिक कॉर्नियल सर्जरी डीमैक सर्जरी कहलाती है।

शुक्रवार को एक माह के बाद, विवेक को प्रत्यारोपण होने वाली आंख में लगभग 50% दिखाई देने लगा है। दृष्टी का प्रतिशत समय के साथ-साथ और बढ़ने लगेगा। सालों बाद अपने माता-पिता और भाई बहनों को देखकर विवेक की खुशी की सीमा नहीं हैं। एवं परिवार में अत्यंत भावुक होते हुए संस्थ शाइन इंडिया फाउंडेशन, डॉक्टर्स एवं नेत्रदानी परिवारों के प्रति आभार प्रकट किया एवं सभी से अपील की हम सभी को नेत्रदान के लिए आगे आना चाहिए।

# ब्यावर में अवैध कट बनाने वालों पर होगी एफआईआर, नियमों की अनदेखी पर हज़ारों चालान

**ब्यावर में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न; बाल वाहिनियों में सीसीटीवी और पीछे मोबाइल नंबर लिखना हुआ अनिवार्य**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। सार्वजनिक निर्माण विभाग (वृत) द्वारा आयोजित इस बैठक में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने, अवैध परिवहन रोकने और स्कूली बच्चों (बाल वाहिनियों) की सुरक्षा को लेकर कड़े दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन का काम नहीं, बल्कि आमजन की भी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### हाईवे पर दोबारा अवैध कट बनाया तो खैर नहीं

बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 08 (पुराना 58) पर ब्यावर से भीम मार्ग के सभी अवैध कट बंद कर दिए गए हैं। हालांकि, रूट पेट्रोलिंग टीम ने शिकायत की कि कुछ होटल, ढाबा संचालक और ग्रामीण अपने फायदे के लिए इन कटों को वापस खोल देते हैं। इस पर जिला कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताते हुए पुलिस और एनएचआई अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने और दोबारा कट बनाने वालों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस का डंडा

पुलिस विभाग ने बैठक में पिछले महीनों (1 जनवरी से 20 मई) की कार्रवाई का ब्योरा पेश किया, जिसके आंकड़े चौंकाने वाले हैं। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बंपर कार्रवाई की गई:



### बिना हेलमेट: 5,317 चालान

ओवरस्पीड (तेज गति): 4,671 चालान
नो पार्किंग: 1,373 चालान
गलत दिशा (रॉन्ग साइड): 995 चालान
बिना सीट बेल्ट: 734 चालान
ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब पीकर): 730 चालान

### वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग: 316 चालान

स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि: बाल वाहिनियों की सघन जांच

नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर नजर आया। पुलिस विभाग द्वारा 234 बाल वाहिनियों की जांच की गई, जिसमें 8 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई हुई। वहीं परिवहन विभाग ने 295 बाल वाहिनियों के परमिट, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस और सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से जांच की। अब सभी स्कूली वाहनों के पीछे संचालक या प्रबंधक का मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिखना होगा, ताकि किसी भी शिकायत पर तुरंत संपर्क किया जा सके।

### खनिज माफिया पर कसा शिकंजा, 9.63 लाख का जुर्माना

खनिज विभाग ने ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। 23 मार्च से 20 अप्रैल के बीच की गई जांच में बजरी, मेसनरी स्टोन, फेल्सपार, ग्रेनाइट और मुरूम का ओवरलोड परिवहन करते हुए 8 वाहन पकड़े गए। इनसे 9 लाख 63 हजार 700 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गई, जबकि 4 वाहनों के खिलाफ संबंधित थानों में मुकदमा दर्ज कराया गया।

### घायलों की मदद करने पर मिलेंगे 25 हजार रुपये

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले मददगारों के लिए सरकार की 'गुड सेमेरिटन योजना' लागू है। इसके तहत मददगार को 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जिले के सभी अस्पतालों, बस स्टैंडों और सार्वजनिक स्थानों पर नगर परिषद के सहयोग से बड़े-बड़े फ्लेक्स और होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनुकृति उज्जैनिया सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे। काली फिल्म व तेज आवाज वाले साइलेंसरः क्रमशः 211 और 60 मामले दर्ज।

## पेयजल संकट से परेशान ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल |बानसूर

क्षेत्र की चतरपुरा ग्राम पंचायत की कई कॉलोनियों में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और जल्द समाधान की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि रैगर मोहल्ले में पानी की लाइन बिछने के बावजूद कई घरों तक आज तक पानी नहीं पहुंचा है।ग्रामीण गायत्री मौर्य ने बताया कि उन्हें रोज करीब एक किलोमीटर दूर जाकर पानी भरना पड़ता है। वहां भी फ्लोराइड युक्त पानी मिल रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। 75 वर्षीय रामपाल रातावाल ने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में पूरण मल, राहुल मौर्य, नवनीत खोरवाल, रोहित मौर्य, विपुल सेठिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# ब्यावर में महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन, पीएम मोदी की निकाली शवयात्रा, फूंका पुतला

**न्यायालय परिसर से नारेबाजी करते हुए निकले कांग्रेसी, मुख्य द्वार पर किया जबरदस्त प्रदर्शन, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रम्हलाल जाट को महामहिम राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** केंद्र व राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों, आसमान छूती महंगाई, बेरोजगारी और नीट (हृश्वश्व') परीक्षा पेपर लीक मामले के विरोध में शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर ने शहर में एक ऐतिहासिक और उग्र प्रदर्शन किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं का भारी आक्रोश देखने को मिला। आंदोलन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने न्यायालय परिसर से केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाली। इसके बाद आक्रोशित कांग्रेसी न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर पहुंचे, जहां जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर



(एडीएम) ब्रम्हलाल जाट को महामहिम राज्यपाल के नाम 5 सूत्रीय मांगों का आधिकारिक ज्ञापन सौंपा।

**जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही, प्रशासन मूकदर्शक: अजय शर्मा**

धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें स्थिर होने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) के दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं, जिसने गरीब और मध्यम वर्ग की कमर तोड़ दी है। शर्मा ने स्थानीय मुद्दों पर बोलते हुए कहा कि इस भीषण गर्मी में पूरा ब्यावर क्षेत्र बिजली की अघोषित कटौती और पानी की भारी किल्लत से जूझ रहा है। जनता बूंद-बूंद पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

**नीट पेपर लीक युवाओं के साथ क्रूर खिलवाड़: पारस पंच**

सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी सदस्य पारस पंच और जिला संगठन महासचिव राजेश देवड़ा ने नीट परीक्षा पेपर लीक का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि देश के लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ यह बेहद क्रूर खिलवाड़ है। इतनी बड़ी धांधली उजागर होने के बाद भी दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना शर्मनाक है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि इन जनहित के मुद्दों का समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी जनता के हक के लिए और भी उग्र आंदोलन करने को मजबूर होगी।

**उठाई गई ये प्रमुख मांगें:**

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में तत्काल कटौती कर सब्सिडी बहाल की जाए। ब्यावर क्षेत्र में इस भीषण ग्रीष्मकाल में बिजली और पेयजल की नियमित व पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो। नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष, समयबद्ध और उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। ब्यावर की स्थानीय समस्याओं जैसे टूटी सड़कें, सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं का त्वरित समाधान हो। बढ़ती बेरोजगारी को दूर करने के लिए प्रभावी रोजगार नीतियां लागू की जाएं।

इस विशाल जन-आक्रोश प्रदर्शन में सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, ज़िला उपाध्यक्ष राजेन्द्र ओस्तवाल, बृजवल्लभ पाराशर, जिला प्रवक्ता एडवोकेट रामस्वरूप सेवलिया, अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अजमत काठात, शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरसिंह गहलोत, अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष बिरदीचन्द खोरवाल, नगर अध्यक्ष भरत बाघमार, पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साँखला, मंडल अध्यक्ष हिमांशु तातेड़ सहित महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, सेवादल और एनएसयूआई के तमाम पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 5 लाख 33 हजार 614 लीटर वॉश नष्ट

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में अवैध मदिरा जब्त करते हुए वॉश नष्ट कर अभियोग दर्ज किए गए।

1972 अभियोग दर्ज, 900 हुए गिरफ्तार

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देषन में प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत एक मई से 28 मई 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 1972 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 19 लाख 1103 रूपए लागत की 7044 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 3 करोड़ 90 लाख 32 हजार 219 रूपए की 38943 लीटर, बीयर 44 लाख 38 हजार 393 रूपए की 19743 लीटर, स्प्रिट 30 लीटर एवं हथकड़ शराब 13025 लीटर जब्त की गई है। इसी क्रम में वॉश 5 लाख 33 हजार 614 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के दौरान बडे वाहन 7, हल्के चार पहिया वाहन 12, तिपहिया वाहन एक एवं दुपहिया वाहन 65 सहित 85 वाहन जब्त करते हुए 900 व्यक्तियों का गिरफ्तार किया गया है।

ईपीएफ दलों की कार्रवाई

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में अवैध शराब के विरूद्ध अभियान के तहत आबकारी निरोधक दलों द्वारा प्रदेश में गश्त, नाकाबंदी, दबिश की कार्रवाई जारी है। इसके तहत पाली में आबकारी निरोधक दल एवं रेलवे पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 3 बेग से अंग्रेजी मदिरा बरामद कर अभियोग दर्ज किए। झालावाड़ में आबकारी सर्किल चैमहला में दबिश की कार्रवाई कर 8 हजार लीटर वॉश एवं मदिरा भट्टी को नष्ट किया। मौके से 170 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी बरामद की गई। दौसा एवं बांदीकुई के रामगढ़ पचवारा के संवेदनषील गांवों में दबिश की कार्रवाई करते हुए 4 हजार लीटर वॉश सहित 5 भट्टियां नष्ट की गई। मौके से 72 लीटर अवैध हथकड़ शराब भी बरामद की गई। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। प्रदेश में समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# 100 ग्राम स्मैक के साथ झालावाड़ और ब्यावर के 4 तस्कर गिरफ्तार

**जैतारण पुलिस की मुस्तैदी से नाकाम हुई ड्रग्स की बड़ी डील; होटल में दबिश देकर कपड़ों में छिपाई स्मैक की बरामद**

स्मार्ट हलचल

**जैतारण (ब्यावर)।** जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह के निर्देशानुसार ब्यावर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जैतारण थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने सजगता दिखाते हुए 100.04 ग्राम अवैध स्मैक के साथ चार अंतर-जिला तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बरामद की गई स्मैक की खेप को ब्यावर जिले में स्मैक के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई माना जा रहा है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया है।

**होटल में रुके थे झालावाड़ के सप्लायर**

थानाधिकारी धोलाराम ने बताया कि 29 मई को एएसआई (सउनि) मोहनलाल मय जाब्ता रात्रिकालीन गश्त पर थे। इस दौरान पुलिस टीम को दो युवक मोतीलाल और विष्णु संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए मिले। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों घबरा गए और बताया कि उनके दो दोस्त, जो झालावाड़ के रहने वाले हैं, निमाज स्थित 'श्री पैलेस होटल' में रुके हुए हैं। युवकों द्वारा झालावाड़ से आने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताने पर पुलिस का शक गहरा गया।

**मनोवैज्ञानिक पूछताछ में खुला राज**

पुलिस टीम ने तुरंत 'श्री पैलेस होटल' पहुंचकर वहां ठहरे संदिग्ध मुकेश तंवर और फूलचंद को हिरासत में लिया और थाने लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से गहन पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने कुबूल किया कि वे झालावाड़ से स्मैक की बड़ी खेप की सप्लाई देने ब्यावर आए थे। पुलिस ने जब उनके बैग की तलाशी ली, तो कपड़ों के नीचे छुपाकर रखी गई 100.04 ग्राम स्मैक बरामद हुई। यह खेप ब्यावर के रहने वाले विष्णु देवासी और मोतीलाल को सप्लाई की जानी थी, लेकिन डील होने से पहले ही पुलिस ने चारों को धर दबोचा।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार:**

मुकेश तंवर (25): निवासी लसुडिया गेन्द, थाना भालता, जिला झालावाड़ (सप्लायर)। फूलचंद (52): निवासी मजरा सूरजपुरा, थाना रटलाई, जिला झालावाड़ (सप्लायर)। विष्णु देवासी (25): निवासी गुर्जरों का बास लौटोती, थाना जैतारण, जिला ब्यावर (खरीदार)। मोतीलाल (38): निवासी देवासियों का बास लौटोती, थाना जैतारण, जिला ब्यावर (खरीदार)।

**एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज, जांच शुरू**

पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जैतारण थाने में प्रकरण संख्या 225/2026 के तहत धारा 8/21 और 8/29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। मामले का अग्रिम अनुसंधान बर थानाधिकारी पन्नालाल (उनि) द्वारा किया जा रहा है।

**टीम को मिलेगा पुरस्कार:**

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृताधिकारी सतेन्द्र सिंह नेगी के सुपरविजन में हुई इस सफल कार्रवाई में एएसआई मोहनलाल, कांस्टेबल मनोहरलाल और कांस्टेबल महेंद्र ने विशेष भूमिका निभाई। पुलिस आलाधिकारियों द्वारा पूरी टीम की सराहना की जा रही है।

# ब्यावर में खाद्य सुरक्षा टीम का बड़ा एक्शन: लक्की सब्जी मंडी से 2000 किलो सड़े-गले फल-सब्जियां नष्ट कराई, मचा हड़कंप

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी अभियान 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' के तहत ब्यावर जिले में मिलावटखोरों और दूषित खाद्य पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ बड़े स्तर पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला कलेक्टर कमल राम मीणा और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर के आयुक्त के विशेष निर्देशन में खाद्य सुरक्षा दल ने शहर की प्रमुख फल व सब्जी मंडियों में औचक निरीक्षण किया। इस कार्रवाई से हड़कंप मच गया।

**2 क्विंटल (2000 किलो) सड़ा-गला स्टॉक कराया नष्ट**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी) डॉ. संजय गहलोत के मार्गदर्शन में टीम ने गजानन्द केला सप्लायर्स, बालाजी फ्रूट कंपनी, एन.के. फ्रूट कंपनी और लक्की सब्जी मण्डी प्राइवेट लिमिटेड पर औचक छापा मारा। टीम ने मौके से केला, आम, सेब, टमाटर, बैंगन, लहसुन और पपीते के सैंपल लिए। कार्रवाई के दौरान 'लक्की सब्जी मण्डी' में भारी अनियमितताएं और गंदगी पाई गई, जिसकी शिकायतें पिछले कई दिनों से आमजन द्वारा मिल रही थीं। यहाँ बेचने के लिए रखे गए लगभग 2000 किलो सड़े-गले और बदबूदार फल-सब्जियों को खाद्य सुरक्षा दल ने मौके पर ही नष्ट करवा दिया। साथ ही मण्डी संचालकों को सख्त चेतावनी देते हुए भविष्य में ऐसी लापरवाही न करने के लिए पाबंद किया।

**कैल्शियम कार्बाइड और प्रतिबंधित स्प्रे पर पूर्ण रोक**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि सभी फल व सब्जी विक्रेताओं को केवल सुरक्षित और सरकार द्वारा अनुमोदित विधियों का ही इस्तेमाल करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतिबंधित रसायनों जैसे कैल्शियम कार्बाइड और एथलीन स्प्रे से फल पकाने और बेचने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्न्रस्स्ढ्ढ के नियमों के तहत केवल एथिलीन गैस या निर्धारित मानकों वाले 'एथेफोन सैशे' का ही उपयोग किया जा सकता है, जिससे फल प्राकृतिक रूप से पकते हैं और सेहत को नुकसान नहीं होता।

**अजमेर लैब भेजी रिपोर्ट, आगे भी जारी रहेगी कड़ाई**

विभाग ने बताया कि आज लिए गए सभी नमूनों को जांच के लिए अजमेर स्थित लैब में भिजवा दिया गया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे। गर्मी के मौसम को देखते हुए आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज होगा। अगले चरण में आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक्स, शर्बत और तरबूज जैसे मौसमी फलों की सघन जांच की जाएगी।

**चमकीले और दाग-धब्बे वाले फलों से बचें**

डॉ. संजय गहलोत ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि खरीदारी करते समय सतर्क रहें। अत्यधिक चमकीले, असामान्य रंग वाले या काले धब्बे वाले फल केमिकल से पके हो सकते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें। बाजार से लाए गए फल-सब्जियों को खाने से पहले साफ पानी से अच्छी तरह जरूर धो लें। प्राकृतिक रूप से पके फल ही स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हैं।

# डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता मे 32 टिमो ने लिया भाग

**क्रिकेट संघ कोटा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा के द्वारा 51 हजार रुपये दिया जा रहा है इस मैच के दौरान**

स्मार्ट हलचल

सांगोद 29 मई को सांगोद कोटा रोड ईदगाह मैदान में सांगोद इलेवन क्रिकेट क्लब द्वारा डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 8 दिनों से किया जा रहा है जिसमे अब तक 32 टीमों के मध्य मैच खेला जा चुका है सांगोद इलेवन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद अजहर वह उपाध्यक्ष तारिफ पठान ने बताया कि ईदगाह मैदान में सांगोद इलेवन क्रिकेट क्लब के द्वारा डे नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 8 दिनों से किया जा रहा है जिसमें अब तक 32 टीमों के मध्य मैच खेला जा चुका है। इस क्रिकेट प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 कोटा जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष मनोज शर्मा के द्वारा दिया जा रहा है वह द्वितीय पुरस्कार 25000 मुजफ्फिर ठेकेदार के द्वारा दिया जा रहा है।

बुधवार रात्रि को ईदगाह मैदान में चैंपियन इलेवन वह जलाल इलेवन टीमो के मध्य क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। इस मैच के मुख्य अतिथि सर्वोदय एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन हाजी अब्दुल गफ्फार मिर्ज़ा रहे जिन्होंने दर्शकों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल को खेल की भावना से सौहार्द वह भाईचारे के साथ खेलने से एक-दूसरे के प्रति प्रेम की भावना वह खिलाड़ियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है मैच दो टीमों के मध्य खेला जाता है जिसमें से एक टीम जीतती है वह दूसरी टिम हारती है लेकिन हारे हुए खिलाड़ियों को मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि अगली बार जीत के लिए प्रयास करना चाहिए मेच की अध्यक्षता जेएलएन ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर आजम बेग ने की विशिष्ट अतिथि व वक्फ कमेटी सचिव मजीद भाई सिंगीवाला,जिला देहात कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष असरार अहमद,डॉक्टर अशरफ बैग, देहात अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष सलीम अंसारी मुदस्सिर मिर्ज़ा,शाकिर मिर्जा ठेकेदार,मोहम्मद आरिफ रहे जिनका मोहम्मद अजहर,तारीफ पठान,नदीम मिर्जा,जिशान मिर्ज़ा,सईद अनवर,तंसिफ मिर्जा, टिल्लू के द्वारा साफा बाद फूलों की माला पहनाकर वह शील्ड भेंटकर स्वागत सम्मान किया मेच का ठोस चैंपियन इलेवन ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 108 रन का लक्ष्य दिया जलाल इलेवन दस ओवर में 65 रन ही बना पाई चैम्पियन इलेवन ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाली है इस मैच का मैन ऑफ़ द मैच लक्की को दिया गया डॉ. अजहर मिर्ज़ा ने 17 बोलो पर 33 रन बनाएं मैच की एंपायरिंग शोएब मिर्जा व शहजाद खान ने की मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे जिससे ईदगाह मैदान खचाखच भरा हुआ था।

# श्री श्याम जी महाराज मंदिर ट्रस्ट की साधारण सभा संपन्न

स्मार्ट हलचल

**नगरफोर्ट।** राजा मुचकन्देश्वर श्री श्याम जी महाराज मंदिर ट्रस्ट, अखिल भारतीय सेन समाज नगरफोर्ट की साधारण सभा गुरुवार 28 मई को मंदिर परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति बजरंग लाल फदानिया, उपसभापति लक्ष्मी नारायण एवं बुद्धिप्रकाश ने की। इसमें 31 जनवरी 2026 को संपन्न श्री श्याम जी महाराज जयंती समारोह की गणेश विदाई के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।मुख्य कोषाध्यक्ष रामावतार सहण व कोषाध्यक्ष जगदीश फुलेता ने बताया कि सदस्यता, कार्यक्रम सहयोग व अन्य मदों से कुल आय 13,49,902 रुपये हुई। कुल व्यय 8,00,987.79 रुपये रहा। इस प्रकार 5,48,914.21 रुपये की बचत हुई। वर्ष 2024-25 की 15 लाख रुपये की एफडीआर के बाद 1,23,366.56 रुपये शेष थे। अब 15 लाख की एफडीआर के बाद ट्रस्ट के पास कुल 6,72,280.77 रुपये शेष हे।सर्वसम्मति से बचत राशि का उपयोग मंदिर परिसर में चार सो लोगों की क्षमता वाला सामुदायिक हॉल बनाने में करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट का कहना है कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने की व्यवस्था न होने से परेशानी होती है। नया हॉल धार्मिक कार्यक्रम, मीटिंग व विश्राम के लिए उपयोग होगा।अंतरराष्ट्रीय कविराज प्रचंड गोरस, संभाग प्रभारी श्यामलाल फौजी, बूंदी जिला अध्यक्ष बाबूलाल सेन, पूर्व अध्यक्ष दुर्गा शंकर नैनवा, जिला अध्यक्ष गोपाल लाल बोसरिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कुंज बिहारी टोंक का तिलक-माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।अतिथियों ने शिक्षा, समाज उत्थान व मंदिर विकास पर योजनाएं रखीं। सभापति बजरंगलाल फदानिया ने श्री श्याम जी महाराज के जीवन पर लिखे लेख का वाचन किया और आगामी जयंती पर पुस्तक विमोचन की घोषणा की।पूर्व अध्यक्ष दुर्गा शंकर नैनवा ने श्री श्याम जी महाराज की आरती का विमोचन किया। बैठक के बाद देर रात तक गणेश विदाई कार्यक्रम चला। इसमें कोटा, बूंदी, झालावाड़, टोंक, सवाई माधोपुर, जयपुर जिलों से ट्रस्ट पदाधिकारी, सदस्य व समाज बंधु शामिल हुए। उपस्थित समाज बंधुओं ने ट्रस्ट पदाधिकारियों का तिलक-माला से सम्मान किया।

# ब्यावर में प्रशासन का बड़ा एक्शन: बिचडली तालाब क्षेत्र से हटाए अतिक्रमण

**खातेदारों पर दर्ज होगा केस, अब्दुल रहमान प्रकरण के तहत हाईकोर्ट के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर गिरेगी गाज; पक्के निर्माणों की भी होगी जांच**

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्यावर के ऐतिहासिक बिचडली तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने और उसके मूल स्वरूप को बचाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। उपखंड अधिकारी (स्ष्ठरू) दिव्यांश सिंह के निर्देशन में गुरुवार को प्रशासनिक टीम ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ बिचडली तालाब के जल भराव क्षेत्र (कैचमेंट एरिया) में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान तालाब क्षेत्र में अवैध रूप से डाली गई मिट्टी और अस्थायी निर्माणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

**जल भराव क्षेत्र को नुकसान पहुँचाने की मिल रही थीं शिकायतें**

उपखंड अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि पिछले कुछ समय से बिचडली तालाब के आसपास मिट्टी डालकर उसके जल भराव क्षेत्र पर कब्जा करने की निरंतर शिकायतें मिल रही थीं। प्रशासन ने त्वरित





संज्ञान लेते हुए पहले चरण में मौके का बारीकी से निरीक्षण किया। शिकायतें सही पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई का निर्णय लिया गया और जल भराव क्षेत्र में डाली गई मिट्टी व कच्चे-अस्थायी ढांचों को हटा दिया गया।

उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा, 'तालाब के मूल स्वरूप और जल भराव क्षेत्र को सुरक्षित रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अगले चरण में क्षेत्र में किए गए पक्के निर्माणों की विस्तृत जांच की जाएगी और नियमानुसार उन्हें भी ध्वस्त कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। '

**अब्दुल रहमान प्रकरण का उल्लंघन, धारा 177 के तहत मामला दर्ज**

हल्का पटवारी (नयानगर) की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्व ग्राम नयानगर स्थित खसरा संख्या 2328/1461, 2494/2470, 1440, 1447, 1448 एवं 2515/1456 की खातेदारी भूमियों पर संबंधित खातेदारों द्वारा बिना किसी भूमि संपरिवर्तन (कन्वर्जन) के अवैध गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। यह पूरा मामला माननीय उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 'अब्दुल रहमान प्रकरण' (जो जल स्त्रोतों के संरक्षण से संबंधित है) के दायरे में आता है। नियमों का खुला उल्लंघन करने पर संबंधित खातेदारों के विरुद्ध राजस्थान काश्तकारी अधिनियम की धारा 177 के तहत प्रकरण तैयार कर उपखंड अधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर दिए गए हैं।

**भारी पुलिस जाप्ते के बीच चली कार्रवाई**

अतिक्रमण हटाने की इस बड़ी कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर भारी पुलिस बल और महिला कांस्टेबलों की तैनाती की गई थी। नगर परिषद ब्यावर को अतिक्रमण मुक्त अभियान के लिए आवश्यक संसाधन और जेसीबी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे।

**मौके पर मौजूद रहे आला अधिकारी:**

इस पूरी कार्रवाई के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर (ष्ठष्ट) ब्रह्म लाल जाट, तहसीलदार हनुत सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (ष्ठस्क्क) राजेश कसाना सहित नगर परिषद और विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मुस्तैद रहे। प्रशासन की इस कड़क कार्रवाई से भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# 12 जून के जेल भरो आंदोलन को लेकर डीएनटी समाज ने शुरू की तैयारियां



स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** डीएनटी, विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू समाज द्वारा अलवर में 12 जून को आयोजित होने वाले जेल भरो आंदोलन को सफल बनाने के लिए समाज के लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। आंदोलन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समाज के लोग क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। डीएनटी समाज के सह संयोजक कालूराम योगी एवं उनकी टीम ने नारायणपुर क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों में घर-घर जाकर पीले चावल वितरित किए तथा समाज के लोगों को आंदोलन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। अभियान की शुरुआत पीर संज्यानाथ मंदिर से की गई, जहां योगी समाज के अध्यक्ष सुरज्ञानी योगी को पीले चावल देकर आंदोलन का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए अधिकाधिक संख्या में अलवर पहुंचने की अपील की। इस मौके पर उपाध्यक्ष रोशन योगी, घनश्याम योगी, राजेश योगी, महेंद्र योगी, सतीश योगी, मनोहर योगी, देशराज, कैलाश चंद और जयराम सहित अनेक समाजजन मौजूद रहे।



# शरीर को जर्जर कर सकती है इस विटामिन की कमी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन से भरपूर आहार लेना जरूरी है। अगर किसी एक विटामिन की कमी हो जाए तो इससे पूरी बॉडी पर असर पड़ता है। धीरे-धीरे रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने लगती है और शरीर बीमारियों का घर बना जाता है। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए विटामिन सी सबसे जरूरी है। जो हमारे शरीर को रोगों से लड़ने की क्षमता देता है और उसे मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। अगर शरीर में विटामिन सी की कमी (Vitamin C Deficeieny) हो जाए तो इससे आप जल्दी बीमार पड़ने लगते हैं। मामूली सर्दी जुकाम भी शरीर पर असर दिखाने लगता है। इम्यूनिटी कमजोर होने के कारण बाल टूटने लगते हैं। हड्डियां कमजोर हो जाती है और चेहरे पर अर्ली एजिंग के निशान दिखने लगते हैं। विटामिन सी की कमी ओरल हेल्थ यानि आपके दांत और मसूड़ों को भी प्रभावित करती है। यानि शरीर में विटामिन सी कमी होने पर पूरा ढांचा ही खराब होने लगता है।

आप विटामिन सी की कमी के लिए कुछ खास चीजें अपनी डाइट में शामिल करें। जिससे शरीर को रोजाना की विटामिन सी की जरूरतों को पूरा करने में आसानी हो। खाने-पीने में ऐसी कई चीजें है जो आपकी विटामिन सी की डेली नीड्स को पूरा कर सकती हैं। आइये जानते हैं विटामिन सी से भरपूर भोजन क्या है? किन चीजों में विटामिन सी सबसे ज्यादा पाया जाता है?

### विटामिन सी से भरपूर चीजें

आंवला- विटामिन सी के लिए आवला को सबसे अच्छा सोर्स माना जाता है। आंवला में भरपूर विटामिन सी पाया जाता है। डेली किसी भी तरह 1 आंवला खाने की कोशिश करें। एक मीडियम साइज का आंवला खाने से 600- 700 मिलीग्राम विटामिन सी शरीर को मिलता है। आप रोजाना आंवला का जूस, आंवला पाउडर, आंवला का अचार या आंवला की चटनी खा सकते हैं।

अमरूद- ज्यादातर लोगों को लगता है कि सिर्फ खट्टी चीजों में ही विटामिन सी सबसे ज्यादा पाया जाता है। लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। फलों में अमरूद विटामिन सी से भरपूर माना जाता है। एक मीडियम साइज का अमरूद रोजाना खाने से करीब 228 मिलीग्राम विटामिन ष्ट मिलता है। इसलिए डाइट में अमरूद जरूर शामिल करें।

कीवी- फलों में रोजाान कीवी खाने से भी विटामिन सी की कमी को दूर किया जा सकता है। इसलिए रोजाना 1 कीवी जरूर खाया करें। 1 कीवी में लगभग 92 मिलीग्राम विटामिन सी होता है। जिससे आपको डेली की जरूरतों को काफी हद तक पूरा कर सकते हैं।

पपीता- लगभग 1 कप पपीता खाने से शरीर को 88 मिलीग्राम विटामिन सी मिल जाता है। इसलिए पपीता को डेली डाइट में शामिल करें। पपीता गर्मियों में पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है और इससे शरीर को दूसरे जरूरी विटामिन भी मिल जाते हैं। पपीता खाने से विटामिन सी की कमी दूर हो सकती है।

संतरा और नींबू- विटामिन सी के लिए संतरा, मौसमी और नींबू को भी बहुत अच्छा माना जाता है। सिट्रिक फ्रूट्स में विटामिन सी पाया जाता है। रोजाना एक मीडियम संतरा खाने से शरीर में 70 मिलीग्राम विटामिन सी पहुंचता है। आप संतरा का जूस भी पी सकते हैं। वहीं 100 ग्राम नींबू खाने से भी करीब 50-60 मिलीग्राम विटामिन सी शरीर को मिलता है।

## किन लोगों को मट्ठा पीने से परहेज करना चाहिए?



गर्मियों के मौसम में लोगों को छाछ पीना काफी पसंद होता है। छाछ शरीर को अंदर से ठंडक पहुंचाने का काम करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि छाछ आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक भी हो सकती है? कुछ लोगों को छाछ को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बनाने से बचना चाहिए वरना उनकी सेहत बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है। आइए छाछ पीने के कुछ साइड इफेक्ट्स के बारे में जानते हैं।

### गले से जुड़ी समस्या

आचार्य श्री बालकृष्ण के मुताबिक अगर आप सर्दी, खांसी या फिर जुकाम जैसी गले से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं, तो आपको छाछ का सेवन करने से बचना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि छाछ की तासीर ठंडी होती है। यही वजह है कि खांसी-जुकाम में छाछ पीने की वजह से आपकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ सकती है।

### एक्जिमा का शिकार लोग

अगर आपको एक्जिमा है, तो आपको छाछ को अपने डाइट प्लान में शामिल करने से बचना चाहिए। छाछ में मौजूद कुछ तत्व आपकी त्वचा की सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं। एक्जिमा का शिकार लोगों को मट्ठा पीने से त्वचा पर जलन, खुजली या फिर लालपन जैसी स्किन रिलेटेड प्रॉब्लम्स का सामना करना पड़ सकता है।

### लैक्टोज इनटॉलेरेंट

क्या आप लैक्टोज इनटॉलेरेंट हैं? अगर हां, तो आपको छाछ नहीं पीनी चाहिए वरना आपकी तबीयत खराब हो सकती है। लैक्टोज इनटॉलेरेंस की समस्या से जूझ रहे लोगों को छाछ या फिर दूध से बनी चीजों को कंज्यूम करने से बचना चाहिए। इस तरह के लोग दूध को सही तरीके से डाइजेस्ट नहीं कर पाते जिसकी वजह से उनकी गट हेल्थ बुरी तरह से प्रभावित हो सकती है।

अगर आप भी इस तरह की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, तो आपको छाछ पीने से बचना चाहिए वरना आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं।

## गर्मियों में पेट के लिए वरदान है सौंफ

## खाते ही जलन-एसिडिटी को करता है दूर



गर्मियों में पेट से जुड़ी समस्याएं काफी परेशान करती हैं। जरा सा तेल मसालेदार खाना खाने से ही जलन, गैस और एसिडिटी होने लगती है। ऐसा लगता है कि खाने में सिर्फ ठंडी चीजों को ही शामिल करें। खाने के बाद जिनको ज्यादा ब्लोटिंग होती है उन्हें डाइट में कुछ घरेलू चीजों को शामिल करना चाहिए, जिससे गैस एसिडिटी कम हो। रसोई में रखी ऐसी कई चीजें हैं जिन्हें खाने से पेट की जलन और गैस एसिडिटी को कम किया जा सकता है। इसके लिए सौंफ बेहतरीन मसाला है। सौंफ खाने से पेट ठंडा रहता है। गर्मियों में खाने के बाद 1 चम्मच सौंफ खाने से डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं नहीं होती हैं। जानिए कब और कैसे करें सौंफ का इस्तेमाल?

### पेट की जलन दूर कर देगा ये मसाला

गर्मियों में सौंफ का सेवन जरूर करना चाहिए। सौंफ की तासीर ठंडी होती है। गर्मियों में कई ड्रिंक्स और दूसरी डिश में सौंफ का उपयोग किया जाता है। आप सुबह खाली पेट सौंफ का पानी पी सकते हैं। इससे पेट को ठंडक मिलेगी और जलन कम होगी। गैस एसिडिटी को भी सौंफ खाकर दूर किया जा सकता है।

### कैसे करें सौंफ का सेवन

सौंफ को खाने के बाद ऐसे ही चबाकर खा सकते हैं। सौंफ और मिश्री मिलाकर भी खा सकते हैं। सौंफ को पीसकर पाउडर बना लें। पानी के साथ 1 चम्मच सौंफ का पाउडर खा लें। आप चाहें तो सौंफ का पानी भी पी सकते हैं। एसिडिटी बहुत ज्यादा बनने वालों को सुबह खाली पेट कुछ दिनों सौफ का पानी पीना चाहिए।

### सौंफ के फायदे

सौंफ का सेवन करने से पाचन मजबूत होता है। सौंफ में फाइबर भरपूर होता है जिससे डाइजेशन में मदद मिलती है।

सौंफ लिवर के लिए भी अच्छी मानी जाती है। सौंफ का सेवन करने से लिवर डिटॉक्स होता है। इससे शरीर में जमा गंदगी साफ हो जाती है।

सौंफ खाने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। इससे वजन घटाने में भी मदद मिलती है। शरीर पर जमा फैट कम होने लगता है।

पुरानी कब्ज की समस्या को दूर करने के लिए सौंफ का इस्तेमाल फायदेमंद साबित होता है। कब्ज से परेशान लोगों को सौंफ जरूर खानी चाहिए।

ब्लड प्रेशर को ठीक रखने में भी सौंफ मदद करती है। इससे बीपी कंट्रोल होगा और दिमाग भी शांत होगा।

सौंफ का सेवन फीड कराने वाली महिलाओं के लिए फायदेमंद माना जाता है। इससे स्ट्रेस लेवल भी कम होता है।

## फायदेमंद होता है धनिए का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक धनिए के पानी में विटामिन सी, ए, के, बी6, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटैशियम, कॉपर, जिंक, सेलेनियम, मैंगनीज, सोडियम, फोलेट, थायमिन, नियासिन, एंटी-ऑक्सीडेंट, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यही वजह है कि औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है।



### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

आचार्य श्री बालकृष्ण के मुताबिक धनिए के पानी में पाए जाने वाले तत्व आपकी गट हेल्थ को मजबूत बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। क्या आप गैस, एसिडिटी या फिर कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको धनिए के पानी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना लेना चाहिए। धनिए का पानी आपकी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना सकता है।

### बॉडी को डिटॉक्स करने में कारगर

धनिए का पानी पीकर आप अपनी बॉडी को डिटॉक्स कर अपनी किडनी और अपनी लिवर के सेहत को मजबूत बना पाएंगे। धनिए के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपके इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने में असरदार साबित हो सकते हैं। धनिए का पानी पीकर आप अपने ब्लड शुगर लेवल को भी काफी हद तक कंट्रोल कर सकते हैं यानी डायबिटीज पेशेंट्स के लिए ये ड्रिंक फायदेमंद साबित हो सकती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से धनिए के पानी को कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।

### कैसे बनाएं धनिए का पानी?

धनिए का पानी बनाना बहुत आसान है। सबसे पहले धनिए के बीजों को रात भर के लिए पानी में भिगोकर रखें। अब आप अगली सुबह इस पानी को छानकर पी सकते हैं। इसके अलावा धनिए की पत्तियों को पानी में बॉइल करके भी कंज्यूम किया जा सकता है।



## गर्मियों में ककड़ी खाने के फायदे

ककड़ी में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, पोटैशियम और फाइबर जैसे कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। गर्मियों में ककड़ी का सेवन कर आप सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को पैदा होने से रोक सकते हैं। आइए सही मात्रा में और सही तरीके से ककड़ी को कंज्यूम करने के कुछ जबरदस्त स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानते हैं।

### नहीं होगा डिहाइड्रेशन

रोज ककड़ी खाने की वजह से आपकी बॉडी हाइड्रेटेड रहेगी और आप गर्मियों में होने वाली डिहाइड्रेशन की समस्या से बच जाएंगे। ककड़ी को हड्डियों के लिए भी फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा अगर आप अपनी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बूस्ट कर अपनी वेट लॉस जर्नी को आसान बनाना चाहते हैं, तो भी ककड़ी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना सकते हैं। कुल मिलाकर ककड़ी आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए वरदान साबित हो सकती है।

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

ककड़ी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए ककड़ी का सेवन किया जा सकता है। ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल पर काबू पाने के लिए ककड़ी को डाइट प्लान का हिस्सा बनाया जा सकता है। ककड़ी आपकी सेहत के साथ-साथ आपकी त्वचा के लिए भी फायदेमंद मानी जाती है।

### सेवन करने का तरीका

ककड़ी को आप सलाद में शामिल कर सकते हैं। अगर आपको सलाद के तौर पर ककड़ी का सेवन करना पसंद नहीं है, तो आप ककड़ी का जूस बनाकर भी पी सकते हैं। अगर आप चाहें तो ककड़ी का रायता भी बना सकते हैं।

## विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग



विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।

### सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

### हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

### त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com